तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 3 मई 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 जिला चिकित्सालय में चेहरे पर गंभीर चोट का किया गया सफल ऑपरेशन



13 दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर यातायात जाम की समस्या को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन






न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### अवैध प्लाटिंग पर हुई निगम की कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। लंबे समय से इसकी शिकायत निगम को मिल रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 दादर पथर्रा वार्ड में अवैध प्लाटिंग चल रही थी। शिकायत पर निगम ने जेसीबी वाहन की मदद से जमीदोज किया गया।निगम आयुक्त डीएस राजपूत का अपनी टीम भेजकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप अभियंता मुकेश रात्रे के द्वारा अपने अमले के साथ मौके पर पहुंच कर अवैध प्लाटिंग को तोड़फोड़ किया है। मौके पर टाईम कीपर श्यामता साहू समेत जेसीबी चालक भी मौजूद रहे।

### फैक्ट्री की संचालिका और पति के साथ मारपीट

**भिलाई।** साइड देने को लेकर केमिकल फैक्ट्री की संचालिका और उसके पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शहीद भगत सिंह मार्ग इंदिरा चौक रामनगर वैशाली नगर निवासी पूजा सिंह केमिकल इंडस्ट्री एसीसी चौक की संचालिका है। 1 मई की शाम अपने पति रंजीत सिंह के साथ कार सीजी 04 एलएल 9111 से पावर हाऊस चौक तरफ से नंदनी रोड होते हुए अपने घर जा रहे थे। इस दौरान आईडीबीआई बैंक के सामने नंदनी रोड के पास पहुंचने पर सरजू मोर्या बीच रोड में खडा था। पति रंजीत सिंह को साईड देने को कहा। उतने में सरजू मोर्या पास में खडा उसके दोस्त सुनील कुमार उर्फ दीपू को बुलाया और दोनों एक राय होकर पति रंजीत सिंह को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्के से भी मारपीट कर फरार हो गए। पूजा बीच बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट किया। घटना में पूजा के कमर और बाएं सिर में अंदरूनी चोट आई है। रंजीत के मुंह के भीतर बाएं तरफ चोट लगी है। आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

**अंधड़ व तूफान का कहर:** अब भी 10 प्रतिशत बिजली व्यवस्था नहीं है सुधरी

# 162 पोल गिरे, टूटे 57 जगह तार, शहर से गांव तक 26 घंटे फेल रही बिजली

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। गुरुवार की शाम आई तेज अंधड़ व तूफान कहर सा बरपा दिया। शाम 4 बजे से बिजली व्यवस्था ऐसी ध्वस्त हुई कि शुक्रवार दूसरे दिन शाम तक यानी 26 घंटे तक बिना लाइन के लोगों ने काटी। शाम 6 बजे के बाद बिजली लोगों के घरों में आना शुरू हुई है लेकिन करीब 30 गांव ऐसे हैं जहां बिजली आंशिक रूप से आ पाई है। अंधड़ व तूफान 80 किलोमीटर की रफ्तार से चली। जिसकी वजह से ट्विनसटी व ग्रामीण इलाके में 162 विद्युत पोल गिर गए हैं। पेड़ों व उनकी टहनियां टूटकर 33 व 11 केवीए व एलटी लाइन में गिरी हैं। इस घटना से 57 बिजली तार टूट गए हैं। अब भी 10 प्रतिशत स्थानों पर बिजली आपूर्ति नहीं दी जा सकी है।*

## 200 से ज्यादा विद्युत उपकेंद्रों में बिजली हो गई थी पूरी तरह बंद

### ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा 150 बिजली पोल गिरे

अंधड़ व तूफान की वजह से सबसे ज्यादा बिजली पोल गिरने की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हुई है। दुर्ग विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग, बेमेतरा व बालोद आते हैं। यहां के 6 डिवीजन में 150 बिजली के पोल गिरे। सालों बाद इतनी तेज रफ्तार से हवाएं चली कि 11 केवीए की लाइन तक को नुकसान पहुंच गई। इस लाइन के आसपास पेड़ थे और वे लाइन पर ही टूटकर या उखड़कर जा गिरे। हाल यह था कि कई ट्रांसफार्मर बंद हो गए। उसके बाद घरेलू बिजली एलटी लाइन जगह-जगह से टूटी मिली।







### इसलिए नहीं आई रातभर बिजली, 200 उपकेंद्र रहे बंद

शहर से लेकर गांव तक बिजली के लिए लोग रात और दिनभर परेशान होते रहे। बिजली विभाग के मुताबिक शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के 200 उपकेंद्र बंद रहे। इन उपकेंद्रों से ही लोगों के घरों व गांवों में बिजली सप्लाई होती है। बिजली विभाग का अमला पूरे दिन इन उपकेंद्रों को चालू करने के लिए मशक्कत करता रहा। तब कहीं जाकर शुक्रवार को शाम तक बिजली सप्लाई प्रारंभ हो पाई। उसके बाद भी कई गांव में बिजली आंशिक रूप से बाधित है।

### 250 से ज्यादा पेड़ व वर्टिकल गार्डन भी गिरा



शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अंधड़ व तूफान की वजह से 250 से ज्यादा पेड़ गिरे हैं। वहीं भिलाई निगम क्षेत्र का वर्टिकल गार्डन के साथ साथ एक तरफ रेलिंग भी गिर गया। शहरी क्षेत्र में इन पेड़ों का सड़क से हटाने का काम भिलाई, दुर्ग, चरोदा व रिसाली निगम के द्वारा किया गया। महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने मौके पर रहकर वर्टिकल गार्डन को व्यवस्थित करवाया। निगम की टीम एवं यातायात विभाग द्वारा रास्ते को क्लीयर करवाया गया।

### उनींदी काटी लोगों ने रात

उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली व्यवस्था ध्वस्त होने की वजह से लोगों को रातभर बिना बिजली काटनी पड़ी। रातभर मच्छर काटते रहे। बिना पंखे के सो नहीं पाए। सुबह बिजली आने की उम्मीद थी लेकिन दिनभर नहीं आई। दिन में भी आराम नहीं मिल पाया। सभी लोगों के मोबाइल चार्ज नहीं हो पाया। इसलिए मोबाइल बंद हो गए। जिससे बिजली विभाग से यह पता करना मुश्किल हो गया कि बिजली कब आ पाएगी। सुबह उपकेंद्रों के चक्कर भी लोगों ने लगाए।

### जानिए आज कैसा रहेगा मौसम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि एक पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण पंजाब और उससे लगे उत्तर राजस्थान तथा पश्चिम हरियाणा के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पंजाब से उत्तर केरल तक हरियाणा, राजस्थान, उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से बांग्लादेश तक उत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 3 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है ।

### निगम क्षेत्रों में विद्युत लाइन टूटने की ज्यादातर घटनाएं

भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई तीन चरोदा निगम क्षेत्रों में बिजली लाइन सबसे ज्यादा टूटे हैं। इन निगम क्षेत्रों में 41 बिजली लाइन टूटे मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइन 16 जगह टूटी है। इस तरह कुल 57 जगह पर बिजली लाइन टूटने की घटनाएं हुई हैं। मोरिद, जवाहरनगर दुर्ग, बोरसी दुर्ग, कोहका , नेहरूनगर भिलाई, सुपेला, छावनी आदि क्षेत्रों में बिजली तारें टूटी। निगम क्षेत्रों में 12 बिजली के पोल भी गिर गए हैं। जिसमें मोरिद में 3 पोल, पद्मनाभपुर दुर्ग में 2 पोल, भिलाई तीन चरोदा क्षेत्र में 4 पोल, रिसाली क्षेत्र में 3 पोल शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में साजा,देवकर और पाटन क्षेत्रों में भी बिजली लाइन टूट गई।

### जिला अस्पताल में जनरेटर बंद

जिला अस्पताल में गुरुवार शाम बिजली बंद होने के बाद जनरेटर प्रारंभ किया गया। जनरेटर कुछ देर बाद बंद हो गया। जिसकी वजह से मरीजों व उनके परिजनों को अंधेरे में रहना पड़ा। यहां दो दिन पहले ही चोरी की घटनाएं हो चुकी है। दो मरीजों के मोबाइल लेकर भाग रहे थे जो पकड़े भी गए।

### 90 प्रतिशत बिजली व्यवस्था दुरूस्त

अंधड़ व तूफान की वजह से पूरे डिवीजन में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। रात -दिन मशक्कत के बाद 11 केवीए व एलटी लाइन को सुधारा जा सका है। उसके बाद उपकेंद्र प्रारंभ हो पाए। शुक्रवार शाम तक 90 प्रतिशत बिजली व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है।

**-जे, जगन्नाथ** एसई शहर व
**-सलील खरे,** एसई ग्रामीण

**पांचवीं-आठवीं पूरक विद्यार्थियों के लिए सुविधा**

# दो महीने ग्रीष्मकालीन अवकाश में पूरक विद्यार्थियों की प्रतिदिन ऑनलाइन होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई



प्रथम श्रेणी में सबसे ज्यादा विद्यार्थी सफल

हरिभूमि फॉलोअप

15 साल बाद पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे आने के बाद दुर्ग जिले के 1625 विद्यार्थी पूरक आए हैं। ये विद्यार्थी फेल न हो इसके लिए जिला शिक्षा विभाग ग्रीष्मकालीन अवकाश में दो महीने की परीक्षा की तैयारी करवाएगा। हर एक घंटे ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी शिक्षकों के द्वारा करवाई जाएगी। इसके अलावा बच्चों को स्कूलों में भी बुलाकर विशेष पढ़ाई करवाने के निर्देश मिले हैं।

- 15 साल बाद विद्यार्थियों की गुणवत्ता बढ़ाने की कवायद

### इस तरह करवाई जाएगी परीक्षा की तैयारी

**ऑनलाइन -**
इस सिस्टम में शिक्षक अपने एड्रायड मोबाइल का इस्तेमाल करेंगे। जिन बच्चों के अभिभावकों के यहां ऐसे मोबाइल हैं वहां के बच्चों के लिए यह सुविधा होगी। अपने नाते-रिश्तेदार के यहां भी जाकर ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं। शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन पढ़ाई करवाने के लिए एक घंटे का समय निर्धारित कर सकेंगे। हर विषयों की अलग-अलग दिन पढ़ाई करवाई जाएगी।

**ऑफलाइन-**
इस सिस्टम में जिस स्कूल के बच्चे पूरक आए हैं वहां शिक्षक जाएंगे। शिक्षक पूरक पात्र बच्चों को बुलाएंगे और विषयों के हिसाब से पढ़ाई करवाएंगे। इस दौरान बच्चों को परीक्षा में किस तरह के सवाल पूछे जाते हैं। सवालों को कैसे हल करें आदि की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा बच्चों को विषयवार अभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान उनकी शार्ट में परीक्षा भी ली जाएगी। जिससे बच्चों की तैयारी कितनी हो पाई है इसका आंकलन किया जा सके।

### गुणवत्ता में सुधार का मकसद

पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का मकसद है कि बच्चों की बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार हो सके। इसके लिए जो बच्चे फेल हो रहे हैं या कमजोर हैं उन्हे आने वाले कक्षाओं के योग्य बनाया जाना है। यानी जब बच्चा पांचवी से कक्षा छठवीं में जाए तो वह इस कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों को समझ सके। इसी तरह आठवी उत्तीर्ण के बाद नवमी कक्षा में जाने वाले बच्चों को विषय पढ़ने में कठिनाई महसूस न हो। खासकर नवमी में जाने के बाद ज्यादातर बच्चे फेल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे पढ़ाई ही छोड़ देते हैं।

### पांचवीं-आठवीं बोर्ड के नतीजे

| कक्षा | शामिल विद्यार्थी | उत्तीर्ण | पूरक |
|---|---|---|---|
| पांचवीं | 16029 | 15820 | 419 |
| आठवीं | 17733 | 17014 | 1206 |

### पूरक बच्चों की तैयारी ग्रीष्मकालीन अवकाश में

“ जो बच्चे पाचवी व आठवी में पूरक आए हैं उनकी परीक्षा जून में आयोजित करवाएंगे। इसके पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश में इन बच्चों को ऑन लाइन व ऑफलाइन पढ़ाई कर तैयारी करवाई जाएगी। उपचारात्मक शिक्षण पर जोर दे रहे हैं।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

**कार्यालय स्थानांतरण सूचना**

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रहा है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

**बिजली गुल होने तक की सही जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी जाती**

# बिजली कंपनी के 36 कॉल सेंटर, फिर भी व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

**गुरुवार को आए आंधी बारिश में खुली पोल, दुर्ग शहर और ग्रामीण की व्यवस्था खराब**

बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए कॉल सेंटर की स्थापना की गई थी। लेकिन जिले के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 36 कॉल सेंटर बनाए गए है। हालात यह है कि इन कॉल सेंटरों की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गुरुवार को आए आंधी-तूफान ने कॉल सेंटरों की पोल खोल कर रख दी है। कॉल सेंटर में जानकारी देने वाले उपभोक्ताओं के साथ यहां पदस्थ कर्मचारी बेरुखी से बात करते हैं। साथ ही सही जानकारी भी नहीं देते है। वहीं कभी-कभी तो यहां पदस्थ कर्मचारी अभ्रदता से बात भी करते नजर आते है।

बिजली कंपनी के कॉल सेंटर को बिजली कटी या कोई बड़ा ब्रेकडाउन होने पर उपभोक्ता को इसकी तुरंत जानकारी देनी होती है। भिलाई-दुर्ग के कॉल सेंटरों में इस तरह की कोई जानकारी देने से कई बार परहेज किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने इसके लिए नई सूचना प्रणाली विकसित की है। यह सूचना सीधे उपभोक्ता के पंजीयन मोबाइल नंबर पर भेजी जाती है। कॉल सेंटरों के माध्यम से फोन पर भी यह जानकारी दी जाती है। मगर दुर्ग जिले के कॉल सेंटरों को व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मौसम की गड़बड़ी या अन्य कारणों से ब्रेकडाउन होता है तो मैदानी अमला सुधार कार्य में व्यस्त हो जाता है।



अलग खबर

### यह हैं जिले में कॉल सेंटर

जिले में बिजली कंपनी के कॉल सेंटर 36 है। जो शहर में बघेरा जोन, बोरसी, पदमनाभपुर, दुर्ग शहर, सिविल लाइन, जवाहर नगर, वैशाली नगर,नेहरु नगर,कोहका, सुपेला, रिसाली, भिलाई, छावनी, भिलाई तीन रिसाली, चरोदा और ग्रामीण में अंडा, तिरगाझोला, बघेरा वितरण केन्द्र, नगपुरा, बोरी, लिटिया,पाटन, रानीतरई, अमलेश्वर, जामगांव (डी), उतई, सेलूद, गाडाडीह, मगांव आर, कुम्हारी, जामुल, अहिवारा ,मुरमुंदा, धमधा, ननकट्ठी, ठेलका,दारगांव में कॉल सेंटर बनाए गए है।

### 10 मिनट की आंधी में 14 घंटे बिजली गुल

आम आदमी पार्टी जिला उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने बिजली कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार को दस मिनट के आंधी तूफान ने 14 घंटे तक बिजली गुल की व्यवस्था को अब तक अपटेड नहीं किया है। उन्होने बताया कि बालाजी नगर, खुर्सीपार क्षेत्र के बीएसपी क्वाटरों, जागीर चौक समेत आसपास के इलाकों में बिजली गुल है। तीन लाख के आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली कंपनी के 12 से 15 मैदानी कर्मियों के भरोंसे बिजली व्यवस्था चल रही है। इसके कारण बिजली व्यवस्था अपडेट नहीं हो पा रही है।

**केस 1**

गुरुवार की रात सिविल लाइन के कॉल सेंटर में रात 9 बजे के करीब फोन करने पर एक महिला फोन रिसीव करती है। उपभोक्ता उसे बताती है कि बिजली व्यवस्था कब तक अपटेड होगी। इसे लेकर कॉल सेंटर में पदस्थ महिला ने उपभोक्ता के साथ बड़ी बेरुखी से पेश आते हुए बदतमीजी से बात कर फोन काट दिया । इसके बाद फिर उपभोक्ता ने दोबारा देर रात फिर बिजली की व्यवस्था को लेकर कॉल सेंटर में पूछा लेकिन दोबारा उपभोक्ता को उसी अंदाज में जवाब मिलता है। कुल मिलाकर कॉल सेंटर वालों को उपभोक्ताओं का फोन उठाकर बात करने तक की फुर्सत नहीं होती है। ऐसी व्यवस्था कॉल सेंटर में है।

**केस 2**

चरोदा कॉल सेंटर में करीब 10 साल से एक ही ठेका कर्मी ड्यूटी बजा रहा है। ठेका कर्मी का इतना रसूख है कि बिजली कंपनी के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपना काम चरोदा में स्थायी रुप से करा चुका है। बिजली कंपनी के कई अधिकारी यहां आकर ट्रांसफर कराकर निकल गए। लेकिन कॉल सेंटर का ठेका कर्मी कुंडली मार कर बैठा हुआ है। कई बार यहां कॉल करने पर उपभोक्ताओं को सही जानकारी तक नहीं मिलती है। इस तरह का हाल यहां के कॉल सेंटर का है।

### कॉल सेंटर सुविधा के लिए है

कॉल सेंटर उपभोक्ताओं के सुविधा के लिए बनाए गए है। सामान्य परिस्थितियों के लिए यह सुविधा है। कई बार कॉल सेंटर को भी पता नहीं रहता कि कहां पर ब्रेक डाउन, बिजली पोल गिरा हुआ है। यह सब अचानक होता है।

**-संजय खंडेलवाल,**
सीई बिजली कंपनी दुर्ग

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### जिला चिकित्सालय में बनाया गया लू प्रबंधन वार्ड

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में लू प्रबंधन वार्ड बनाया गया है। जिसमें 6 बेड का एसी वार्ड एवं 5 बाथ टब और 1 बर्फ बनाने की मशीन की व्यवस्था किया गया है। जिसमें लू लगने के कारण बुखार आने वाले मरीजों का ईलाज किया जाता है। साथ ही जिनको बहुत ज्यादा फीवर होता है उनको ठण्डें पानी से नहलाकर भी ईलाज किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ हेमन्त साहू ने बताया कि इस प्रकार की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में मात्र 2 जिला चिकित्सालय रायपुर एवं दुर्ग में है।

### प्रभारी ने ली विद्युत विभाग की बैठक

**दुर्ग।** विद्युत, यंत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने समिति के सदस्य और अधिकारी के साथ एमआईसी कक्ष में ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में मच्छरों से निजात पाने प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग मशीन सप्ताह में दो बार हो इसके लिए मशीन और दवाई एवं अन्य जो भी आवश्यकता हो प्रस्ताव लाएं। निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व में नए वाहनो की खरीदी की है, जिसके उपरांत वाहनो के संचालन हेतु नए चालक व हेल्पर रखे जाने के संबंध में समिति में प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने कहा कि कर्मशाला विभाग में वाहनों के रखरखाव के लिए टीन शेड निर्माण किये जाने एवं कर्मशाला विभाग के सभी वाहनों की साफ सफाई के लिए वाशिंग लाईन, सर्विस सेंटर निर्माण करने के प्रस्ताव भी रखे।
नगर पालिक निगम में 3 नग रिफ्यूज कम्पैक्टर वाहन क्रय किया गया, जिसके लिए रैम्प बनाए जाने की व्यवस्था किया जाना है। जिसमें टाटा एस का कचरा सीधा कम्पेक्टर के अंदर जा सके। विद्युत विभाग में 4 नग टाटा एस, सहायक अभियंता के लिए विभागीय कार्य हेतु 1 नग वाहन की आवश्यकता है। विद्युत विभाग में नया लाईट क्रय करने, विद्युत विभाग संबंधित कार्य के लिए प्लेसमेंट या ठेके के कर्मचारी रखे जाने का प्रस्ताव रखा गया।

**समस्या :** सांसद विजय बघेल ने दोनों मार्गों के लिए साढ़े बारह करोड़ की रखी मांग

# पुलगांव से अंडा तक अंधेरा, करोड़ों के प्रस्ताव को नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस की सरकार द्वारा भले ही पुलगांव से अंडा तक चौडीकरण कार्य कराया गया था, लेकिन विद्युतीय कार्य नही किए जाने से इन मार्गो में अंधेरा छाया हुआ है। बहरहाल इन दोनों समस्या को लेकर सांसद विजय बघेल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखा है। जिसमे उन्होने लाइट नही होने से दुर्घटना की आशंका का जिक्र किया हैं।
पुलगांव से अंडा तक करीब 12 किमी की फोरलेन सडक के लिए 430 लाख का विद्युत कार्य कराया जाना है। वही मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा करीब 23 किमी के लिए 835 लाख रूपए की स्वीकृति के लिए सांसद विजय बघेल ने वित्तमंत्री को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी इन मार्गो को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। हाल ही में इसी समस्या को लेकर सांसद विजय बघेल ने गंभीरता दिखाई है। उन्होने 15 सितंबर 2024 को ही वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर जल्द ही स्वीकृति राशि जारी करने कहा है। ऐसे में माना जा रहा हैं कि, जल्द ही इन मार्गो से अंधेरा दूर हो जाएगा। बहरहाल यहां सडक चौडीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन यहां शाम होते ही अंधेरा छाया रहता है। सडक पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है। चौडीकरण के बाद विद्युत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का विभाग के अफसरों को इंतजार हैं।

**सड़क चौड़ीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया**

**खास बातें**

- दोनो मार्गो के लिए सांसद ने दिखाई थी गंभीरता
- बजट में प्रावधान होने के बाद भी स्वीकृति में देरी
- अंधेरे से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका



#### विधानसभा चुनाव से पहले भेजे प्रस्ताव

विद्युत यांत्रिकीय विभाग द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन राज्य शासन से स्वीकृति नही मिलने का खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है। जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। पुलगांव और अंडा के आलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। इसके आलावा पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेडिंग है। यहां मैत्रीबाग तक लाइट लगी है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड रहा है।

#### बजट में किया जा चुका है प्रावधान

विद्युत यांत्रिकीय विभाग के तत्कालीन एसडीओ संध्या बंजारे का कहना है कि, पुलगांव से अंडा तक के लिए पिछले साल के बजट में प्रावधान किया गया था। इधर पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण के बाद बिजली की सुविधा नही मिलने से लोगों को रात में सफर करना चुनौती से भरा लगता हैं। वर्तमान में यह सडक के बीचो बीच मवेशी भी बैठी रहती है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सडक बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रेडीयम आदि संकेतक भी नही लगाए गए है।

**देवादा फूंडा तक के लिए मिली राशि**

सांसद विजय बघेल द्वारा देवादा से फंदा तक हाई मास्क लाइट लगाने के लिए भी पत्र लिखा गया था। हाल ही में इसकी स्वीकृति राज्य शासन द्वारा दी गई है। विद्युत यांत्रिकी विभाग को इसके लिए चार करोड़ की राशि जारी होने के बाद टेंडर की तैयारी की जा रही है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तत्कालीन एसडीओ संध्या बंजारे ने बताया कि इस मार्ग के लिए 4 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है।

## भूमाफियाओं पर अब तक नहीं की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विगत दिनों ग्राम पुलगांव में अवैध प्लॉटिंग के उद्देश्य से बनाए गए निर्मित संरचना को नगर निगम और राजस्व की संयुक्त कार्यवाही से जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई थी।
इस दौरान ग्राम पुलगांव के निजी

- टीम बनाकर निगम की खानापूर्ति

भूमि खसरा नंबर 47/31, 47/17, 7, 9, 12, 49/2, 3, 11, सहित अन्य 08 खसरों पर बिना अनुज्ञा के लगभग 29 एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की मंशा से निर्मित किए गए रोड रास्ता, नाली आदि स्ट्रक्चर को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई थी। अलग अलग भू धारकों के नाम से धारित भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की पूरी तैयारी कर लिए जाने की शिकायत छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक प्राधिकरण ( रेरा ) को मिलने पर आज यह बड़ी कार्यवाही हुई थी ।
उक्त खसरों पर अवैध विकास की कार्यवाही की जा रही थी जिसका रेरा सहित अन्य सक्षम अधिकारियों से विधिवत अनुमति नहीं ली गई थी। अवैध निर्मित सरंचना को ध्वस्त करने के साथ ही अवैध प्लॉटिंग से संबंधित सूचना बोर्ड नगर निगम द्वारा लगाया गया था। इस दौरान तत्कालीन एसडीएम मुकेश रावटे ने कहा था कि संबंधित खसरो की जांच की जाएगी। इस दौरान प्लाट काटने वाले लोगों के नाम से थाने में एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई थी लेकिन अब तक इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है।




#### हेल्पलाइन नंबर किया गया था जारी

दुर्ग नगर निगम द्वारा लोगों को प्लाट खरीदने से पहले निर्धारित मापदंडों की जानकारी लेने और सतर्कता बरतने की अपील की गई थी। कहा गया था कि प्लाट खरीदने के पहले अवैध प्लाट की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9589081099 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं। नगर निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वालों पर अब कार्रवाई तेज किए जाने की बात पूर्व में कही गई थी। इसे लेकर संयुक्त जांच दल गठित करने के बाद सर्वे का काम भी शुरू कर दिया गया था। इसके लिए राजस्व विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग और नगर निगम के अतिक्रमण विभाग संयुक्त टीम बनाई गई थी।

### सुशासन तिहार में मिले आवेदनों की गई समीक्षा

**दुर्ग।** जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत दुर्ग एवं नगर पंचायत उतई के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी।

## महिलाओं के खाते में आई योजना की 15वीं किस्त, विधायक ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना की 15वीं किस्त विष्णुदेव साय सरकार ने जारी कर दी है। महिलाओं के खाते में डिबीटी के माध्यम खाते में 1-1 हजार रूपए भेजा गया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है।

- विधायक ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

विधायक ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिल चुकी 15 किश्त की राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी केबिनेट मंत्री का आभार जताया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की महिलाओं का सम्मान भाजपा ने ही किया है जन-धन खाता हो, उज्जवला योजना से सिलेंडर, महिला के नाम राशनकार्ड और महतारी योजना सभी जगह महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार ने चिंता की है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। जो महिलाएं इस योजना के पात्र हितग्राही हैं उन्हें हर महीने महतारी वंदना योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। बीते वर्ष से शुरू हुई योजना के तहत 15वीं किस्त सरकार द्वारा महिलाओ के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। हर महीने खाते में 1000 आने से महिलाओ को अब छोटी छोटी जरूरत के लिए पैसे मिल जा रहे है।

## इंदिरा मार्केट में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता का व्यापारियों ने किया कड़ा विरोध, सख्ती से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा पुराना बस स्टैंड के आसपास से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान व्यापारियों ने विरोध भी किया लेकिन दस्ता ने सख्ती दिखाते हुए अवैध कब्जा हटाया। यह कार्रवाई आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान, राजेंद्र ढाबाले, बाजार अधिकारी शुभम गोइर एवं अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में किया गया। नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ रखी है। इस क्रम में निगम अधिकारियों ने तोडू अमला के साथ शुक्रवार को सुबह 10 बजे से इंदिरा मार्केट से अतिक्रमण हटाने दल बल के साथ पहुंचे। अभियान में अवैध कपड़ा दुकानों सहित अन्य दुकानों को भी हटाया गया है। कार्रवाही के मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक चिराग जैन, टीआई विजय यादव, मोहननगर टीआई शिव चंद्रा, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव मौजूद रहे।

- दल-बल के साथ निगम ने की कार्रवाई



#### हटाई गई 58 से अधिक अवैध दुकानें

बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना था। अभियान के दौरान पुराना बस स्टैंड, स्टेशन रोड सड़क किनारे करीब 58 से अधिक अवैध दुकानें और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। अतिक्रमण की वजह से अतिक्रमण की वजह से यातायात में बाधा और शहर की सुंदरता में कमी हो रही थी, इसलिए नगर निगम ने यह अभियान शुरू किया।

#### पुराना बस स्टैंड में अभियान

बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि कार्रवाई यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए की गई है। अतिक्रमण हटाने का अभियान नगर निगम ने दुर्ग के पुराने बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया।

## जिला चिकित्सालय में चेहरे पर गंभीर चोट का किया गया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



मोटर सायकल दुर्घटना में मरीज को चेहरे की हड्डियों में गंभीर और जटिल चोट आयी थी, जिसके कारण मरीज का जबड़ा पूरी तरह से बिगड़ चुका था और गाल की हड्डी के कई टुकड़े हो गए थे। ऐसे में सांस की नली में छेद करके मरीज की सांसे बचाई जा सकती थी। एनेस्थेटिक डॉ संजय वालवेन्द्रें विभागाध्यक्ष व डेंटल सर्जन डॉ कामिनी डड़सेना द्वारा आपसी निष्कर्षण से सबमेन्टल रेपलेसमेंट का निर्णय लिया गया। इसके बाद सांस की नली को मुंह में डालकर, हड्डी के निचले गर्दन में छोटा छेद कर स्वांस की नली को निकाला गया और पूरे चेहरे को आसानी से ऑपरेशन किया गया तथा मरीज को सुरक्षित किया गया। सिविल सर्जन डॉ हेमन्त साहू ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में मेक्सोफेशियल सर्जन डॉ कामिनी डड़सेना एवं ओटी टीम में एनेस्थिसया विभागध्यक्ष डॉ संजय वालवेन्द्र, डॉ हरी, शायनी चेरियन, शिबेन दानी, नसरीन बेगम, मयुरी वर्मा, दुर्गेश एवं युगल किशोर की अहम भूमिका रही। मरीज का सफल ऑपरेशन के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया। जिसमें मरीज की स्थिति सामान्य है।

### नीट के लिए जिला कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित

**दुर्ग।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट, यूजी 2025 परीक्षा का आयोजन 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। हेल्प डेस्क पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के शीला चाको एवं स्वतंत्र कुमार रॉय की ड्यूटी लगाई है। परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा वाले दिन 4 मई को सुबह 9 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला कार्यालय में उपस्थित रहें, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।












## खबर संक्षेप



### अवैध गांजा बिक्री करने वाली महिला को किया गिरफ्तार

**सेलूद।** ग्राम लोहरसी निवासी देवन्तीन मेहर से अवैध गांजा जब्त किया गया है। मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने एवं रखने की सूचना पर थाना प्रभारी पाटन निरीक्षक अनिल कुमार साहू के कुशल नेतृत्व में थाना स्टाफ एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम लोहरसी निवासी देवन्तीन मेहर नामक महिला के मकान की घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी देवन्तीन मेहर पति अनिल मेहर उम्र 40 वर्ष निवासी बड़े पारा, ग्राम लोहरसी के पास से 565 ग्राम कीमत 6,000 रूपये मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ एवं 1,660 रूपये नगदी बिक्री रकम जुमला कीमती 7,660 रूपये मिला। जिसे जप्त कर आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है।

### भरत वर्मा से मिलकर जाना स्वास्थ्य का हाल चाल



**सेलूद।** राष्ट्रीय महामंत्री लोधी महासभा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ भरत वर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल पहुंचे। घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़, गिरवर जंघेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी महासभा एवं पूर्व विधायक खैरागढ़, सुरेश सिगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ ने हाल चाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## निधन

### मोहन लाल कुम्भकार

**भिलाई।** ग्राम सोनपुर निवासी मोहन लाल कुम्भकार उम्र 85 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 मई को गृहग्राम सोनपुर पाटन में किया गया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रान्त प्रचारक अभय राम के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### जनप्रतिनिधि थोथे प्रचार में जुटे, निदान की ओर ध्यान नहीं

# सरकारी हॉस्पिटल में जल संकट मरीज परेशान, कर्मचारी बेहाल

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगी प्रदर्शन की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

सुशासन लाने के दौरान में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुप्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार होकर बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहा है। यहां भर्ती मरीजों को अपनी प्यास बुझाने और दैनिक नित्यकर्म के लिए खुद पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। हालात यह आ गए है कि हास्पिटल में संचालित लेब और ड्रेसिंग रूम में पानी की अनुलब्धता के कारण कर्मचारियों को हलाकान होना पड़ रहा है। लंबे समय से परेशान होने के बाद कर्मचारियों ने शुक्रवार को मोर्चा खोलते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने की अनुमति मांगा।

उल्लेखनीय है कि चार साल पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नए भवन में शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट होने के बाद से हास्पिटल में जल संकट बना हुआ है। पानी के लिए तीन चार बोर किया गया जो असफल हो गए वहीं हास्पिटल से मुख्य मार्ग तक पाईप लाईन बिछाकर पानी लाने का प्रयास किया गया जो भी सफल नहीं हो सका है। वर्तमान में स्थिति यह है कि मरीजों को उपचार के लिए भर्ती होने पर पानी का इंतजाम खुद करना पड़ता है। जल संकट के चलते कूलर भी पानी नहीं डलता जिससे मरीजों को गर्मी में झुलसना पड़ रहा है। बीते साल भी यही हालात बने हुए थे तब भाजपा नेताओं ने हास्पिटल पहुंचकर व्यवस्था को दुरूस्त कराने का आश्वासन दिया था।



### हलाकान कर्मचारी आए सामने

जल संकट से अस्पताल के कर्मचारियों ने शुक्रवार को हास्पिटल से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए संकट के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जलसंकट को गत 20 अप्रैल को बैठक आयोजित किया गया था जिसमें नपं अध्यक्ष, पार्षद, तहसीलदार, सीएमओ आदि शामिल हुए थे। बैठक में प्रतिदिन 2 टेंकर पानी देने का आश्वासन दिया गया था किन्तु इस दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है। पानी की अनुपलब्धता के कारण मरीजों और कर्मचारियों के बीच आए दिन विवाद के हालात बन जाते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान बी देवांगन, घनश्याम साहू, जसवंत कोडापे, टिकेश्वरी साहू, कौशल साहू, विशाल खत्री, शुभम गुर्वे, बसंत, रानी ठाकुर, सतीश, खेमवंतीन, किशोर, निरंजन, पुष्पा आदि मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### जंजगिरी में 30 कट्टा पीडीएस का चावल पकड़ाया



**कुम्हारी।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के एक राशन दुकान से मंगलवार को 30 कट्टा पीडीएस चावल को दुकान संचालक द्वारा अन्यत्र कहीं ले जाया जा रहा था जिसे ग्रामवासियों एवं भाजपा के पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ लिया गया। इसके बाद कुम्हारी थाने में सूचना देकर उसे थाने के सुपुर्द किया गया। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता देर रात तक कार्यवाही की मांग को लेकर थाने में ही डटे रहे। शिकायत के बाद बुधवार को खाद्य निरीक्षक सुधा महिलांग द्वारा थाने पहुंच कर जप्त किये पीडीएस चावल का सेंपल लेकर पंचनामा तैयार कर जांच के लिए भेजा गया। वहीं शुरुआती जांच में बताया गया कि उक्त चावल को जंजगिरी कुम्हारी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 431006015 संचालनकर्ता महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा दुकान से पीडीएस चावल प्लास्टिक बोरे में 30 कट्टा भर्ती 50 किग्रा नीले कलर के ऑटो क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 2058 में भरकर ले जाया जा रहा था जिसे जंजगिरी के ग्रामीणों एवं पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ा गया। थाना कुम्हारी के डायल 112 पेट्रोलिंग के द्वारा चावल से भरी गाड़ी को थाना कुम्हारी परिसर में रखा गया। 29 अप्रैल को शासकीय उचित मूल्य दुकान 481006015 में पकड़ी गई चावल गाड़ी को विक्की सिंह तथा (हेल्पर) सहयोगी निरंजन पाल द्वारा चलाया जा रहा था। हालांकि इस विषय पर गाड़ी चालक हेल्पर एवं महामाया महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष मंजू साहू एवं उनके पति लोकेश साहू से जानकारी ली गई। बुधवार को मौके पर पहुंचे भिलाई 3 तहसीलदार पवन सिंह ठाकुर ने उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकान को आगामी आदेश तक सील कर दिया है। प्राथमिक जांच के आधार पर कुम्हारी थाना द्वारा धारा 151 के तहत कार्यवाही कर जांच किया जा रहा है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि विगत लंबे समय से कई स्थानीय शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अनियमितताओं की जानकारी आ रही थी और उनपर कार्यवाही भी हुई है। इस बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली राशन में गड़बड़ियां बर्दाश्त नही की जाएगी। एक ओर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को चावल नही मिलता और दूसरी ओर इस तरह की घटना बेहद दुखद है इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में जंजगिरी के पार्षद लोकेश साहू, मिथलेश यादव, कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, उमाकांत साहू, रामकुमार सोनी, प्रवीण राव और सुजीत यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर यातायात जाम की समस्या को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- समस्या का शीघ्र निराकरण करने का दिया आश्वासन



आम आदमी पार्टी के तत्वावधान पर दुर्ग जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर निरंतर यातायात जाम की गंभीर समस्या को लेकर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि यह मार्ग न केवल रेलयात्रियों, बल्कि स्कूल, कॉलेज जाने वाले छात्रों एवं आम नागरिकों के लिए प्रमुख यातायात मार्ग है। सड़क की संकरी संरचना एवं अनियंत्रित वाहनों के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे यात्रियों को ट्रेन तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है और समय पर स्टेशन पहुंच पाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है।

आम आदमी पार्टी ने इसी अति महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए दुर्ग कलेक्टर के नाम पर संयुक्त कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपते हुए जनता के हित के लिए प्रमुख तथ्यों की मांग की। साथ ही संयुक्त कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों तक इसकी जानकारी भेजते हुए समस्या का शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन भी दिया है।

वहीं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मांग की है कि प्रवेश मार्ग पर यातायात नियंत्रण हेतु विशेष टीम की नियुक्ति, अवैध रूप से खड़े किए गए वाहनों पर कड़ी कार्रवाई, रेलवे पार्किंग स्थल की उपलब्ध जमीन के एक हिस्से को सड़क विस्तार के लिए उपयोग में लाने पर विचार, दीर्घकालिक समाधान के लिए नए मार्ग का निर्माण। इस जनहित के विषय पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हम सभी नागरिकों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए किए गए इस सकारात्मक प्रयास में ज्ञापन सौंपने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव देविन्दर सिंह भाटिया, लोकसभा अध्यक्ष दुर्ग गीतेश्वरी बघेल, लोक सभा सचिव दुर्ग ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला महासचिव दुर्ग दिवाकर सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश धीवर, शंकर ठाकुर, शिवा रायडु साथ ही पार्टी के अन्य सदस्य भी शामिल थे।

## हटाए गए सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी: विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- विधायक ललित ने मुख्यमंत्री साय व कैबिनेट का माना आभार

मंत्री परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई थी, लेकिन हमारी सुशासन की सरकार ने इन युवा साथियों की परेशानियों और संघर्ष को समझा एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का निर्णय लेकर सभी 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों की मेहनत और लगन को सम्मान दिया है। विधायक ललित चंद्राकर ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से मिलकर बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे और मेरे निवास स्थान पर आकर मुझे भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया था उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर लगातार मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री को अवगत कराया था कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

### श्रमिक दिवस पर मनरेगा श्रमिकों का किया सम्मान



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद द्वारा 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर मनरेगा श्रमिकों का ग्राम पंचायत सभा भवन में सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि जिन्होंने पूरे देश में नव निर्माण नव सृजन का कार्य करते आ रहे हैं। देश के सभी निर्माण कार्य में मजदूरों का योगदान रहता है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति व पुराने खाने पीने और रहन सहन को बढ़ावा देने का काम हो रहा है। बीते सालों में छत्तीसगढ़ के लोगों का सम्मान बढ़ा है। ग्राम पंचायत सेलूद की ओर से ग्राम पंचायत सभा भवन में कर्मवीर श्रमिक चुन्नु मानिकपुरी, रोमनाथ साहू, दुलारी साहू, मोना यादव का सम्मान छत्तीसगढ़िया गमछा व श्रीफल भेंटकर किया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद खिलेश बबलू मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, संजय, रमेश कश्यप, धनंजय साहू, योगेश चंदेल, ममता, रवि पटेल, देवला साहू, भुनेश्वरी, सुभाष बंछोर, होमिन, खोईलन बारले, करण धनकर, इंद्राणी वर्मा, रेणुका कुर्रे, हुपेन्द्र साहू, अनुपमा देवांगन, जय साहू, पार्वती ठाकुर, पुष्पा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्विनसिटी में कैंडल जलाकर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भिलाई।** सतनामी समाज ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा अल मदद एजुकेशन और वेलफेयर सोसाइटी ने भी घटना की निंदा करते हुए मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश के आमजनों में रोष व्याप्त है। इसे लेकर शहर के अन्य सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक संस्थाओं ने भी कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सांसद बघेल ने कृषि वानिकी की पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- कृषि वानिकी से संबंधित विषयों का समावेश छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में किया गया है



सांसद निवास पर सांसद विजय बघेल द्वारा शुक्रवार को डॉक्टर शशिभूषण शर्मा और डॉक्टर समिधा पांडेय द्वारा लिखी गई पुस्तक 'कृषि वानिकी' का विमोचन किया गया। इस मौके पर सांसद बघेल ने कहा कि इस पुस्तक में कृषि वानिकी से संबंधित विषयों का समावेश छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में किया गया है। छत्तीसगढ़ में किसान पारंपरिक कृषि वानिकी के विभिन्न मॉडल का अपनाकर अपनी जरूरतों की पूर्ति करते हैं। आज के परिपेक्ष में कृषि वानिकी के नए मॉडल जैसे फलदार वृक्ष, इमारती लकड़ी देने वाले वृक्ष, फूलों की खेती, औषधीय पौधों की खेती कर कृषक अच्छा लाभ कमा सकते हैं। कृषि वानिकी आज के समय की जरूरत है इसमें किसान अपनी भूमि का पूरा उपयोग करते हैं। इस पुस्तक में लेखकद्वय द्वारा छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष में बहुउपयोगी विषयों का समावेश किया गया है। इस मौके पर ज्ञान सिंह राजपूत, टीआर साहू, अशोक शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, यशवंत राव, देवेन्द्र चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 202504103000072/अ-6/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-मोहनीश कुमार देवांगन पिता बालकृष्ण देवांगन निवासी ग्राम अहिवारा तहसील अहिवारा जिला-दुर्ग के द्वारा मौजा- उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नंबर 240/21 रकबा 0.02 हे. कुल खसरा नंबर- 01 कुल रकबा 0.02 लगान 0.02 रू. भूमि भूधारक बालकृष्ण पिता मनराखन लाल के भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार बालकृष्ण पिता मनराखन लाल का निधन दिनांक 19/01/2025 को हो गया है। खातेदार बालकृष्ण पिता मनराखन लाल के मृत्यु हो जाने से उनके वारिसान :- मोहनीश कुमार देवांगन, गिरीश कुमार देवांगन एवं पुत्री प्रीता देवांगन का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**आम सूचना- सीमांकन बाबत**

**विषय- सूचना- सीमांकन बाबत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार भिलाई-03 राजस्व प्रकरण क्रमांक ब-12/2024-25 आदेश दिनांक 22.04.2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री जय लोहिया पिता मनोहर चंद ग्राम- लिमतरा प.ह. न. 19 राजस्व निरीक्षक मंडल मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.- 795/2, रकबा 0.14 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 07/05/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12:00 से 5:00 बजे स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा, खसरा, ले- आऊट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 27/04/2025

राजस्व निरीक्षक
मुरमुंदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

विषयः- स्थल जांच बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. 38 दिनांक 20/11/2024 के पालन में ग्राम सिकोला, प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री / श्रीमती सत्ती दत्त पिता/पति स्व. शान्ति कुमार दत्त निवासी सिकोला द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 29/137 रकबा 0.014. हे. जिसकी सीमा उत्तर में हितेश्वरी साहू दक्षिण में विक्रेता की बचत भूमि पूर्व में 25 फीट रास्ता तथा पश्चिम में शान्ति बाई की भूमि है। का सीमांकन दिनांक 08/05/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 10.00 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक-
02/05/2025

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-सिकोला

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कुम्हारी, तह. भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**// प्रेस विज्ञप्ति- आम सूचना //**

विषयः- सीमांकन/नक्शा बटांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तह./तहसीलदार भिलाई 03 आ.क्र. दिनांक 21/04/2025 के पालन में ग्राम कुम्हारी प.ह.नं. 12 भूमि स्वामी श्रीमति प्रतिमा पुजारी पति स्व. ओमप्रकाश निवासी रायपुर जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदित खसरा नं. 1361 रकबा क्रमशः 0.489 कुल रकबा 0.489 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन किया गया है।

जिसकी सीमा इस प्रकार हैः-

संतोष मोतीराम वगै वेदप्रकाश सोनकर पिता दिलेश्वर सोनकर, जानकी बाई यादव- मनराखन यादव उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 21/05/2025 को 12.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्यात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 02/05/2025

**रा.नि.म. कुम्हारी
तह.भिलाई 03 जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

### सेक्टर-5 स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

# श्रमिकों के सम्मान में बासी तिहार कांग्रेस सरकार ने किया था शुरू: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 मई श्रमिक दिवस पर मजदूरों के सम्मान में आयोजित बोरी बासी तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरागत भोजन शैली के प्रतीक बोरे-बासी का अपना महत्त्व है। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे। भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बोरे-बासी, आम का अचार, टमाटर की चटनी और भाजी का स्वाद चखा। उन्होंने कहा कि 1 मई को हम मजदूर दिवस के रूप में मनाते हैं। जब हम सरकार में थे, तब हमने यह परंपरा शुरू की थी कि इस दिन श्रमिकों के सम्मान में बोरे-बासी तिहार मनाया जाए। यह न केवल हमारी परंपरा को सहेजता है, बल्कि श्रमिकों के साथ हमारे जुड़ाव को भी दर्शाता है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार पर जाति जनगणना को लेकर तीखा प्रहार भी किया। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना की मांग सबसे पहले राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाई थी, ताकि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं की सही तस्वीर सामने लाई जा सके। जातिगत आंकड़े स्पष्ट करेंगे कि किस वर्ग की आबादी कितनी है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है, उन्होंने कहा। भूपेश बघेल ने यह भी कहा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक सीमित रखना एक कृत्रिम व्यवस्था है, जिसे खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने निजी संस्थानों में भी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने की वकालत की। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि जाति जनगणना के फॉर्मेट में यह उल्लेख होना चाहिए कि कितने लोग कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत हैं, ताकि सामाजिक न्याय की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कभी प्रधानमंत्री कहते थे कि देश में केवल चार जातियां हैं, लेकिन राहुल गांधी के अभियान के दबाव में अब सरकार को जाति जनगणना की ओर झुकना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि केवल कैबिनेट स्तर पर फैसला लेने से काम नहीं चलेगा, जब तक कि इसे धरातल पर लागू न किया जाए। भूपेश बघेल ने पाकिस्तान में फंसे बीएसएफ जवान के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार इस मामले में गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर भारत सरकार को उच्च स्तरीय वार्ता करनी चाहिए और जवान को सुरक्षित भारत लाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करने चाहिए।

## खबर संक्षेप



### बारात से वापस लौट रहे युवक पर हमला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चौक, इंदिरा नगर, वार्ड 16 सुपेला निवासी रविन्द्र कुमार सिंह ने शिकायत किया था कि दोस्त धर्मेन्द्र साहू के शादी की बारात में शामिल होने मुतर्जर संजय सेट्ठी, अरूण चौहान समेत अन्य के साथ दुर्ग बैगापारा आया था। खाना खाकर पीड़ित अपने घर जाने के लिये बैगापारा मिनी स्टेडियम के बाहर शीतला मंदिर के सामने खड़ा था। इस दौरान बैगापारा शीतला मंदिर के पास दुर्ग निवासी विक्की यादव उर्फ सिद्धी विनायक बिना कारण विवाद करने लगा। संजय सेट्ठी, अरूण चौहान उसे समझाने का प्रयास किया। विक्की अपने दोस्त मनीष यादव, इशु यादव को बुलाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इशु यादव हाथ में रखे चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। जांच में पुलिस ने विक्की यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना को मनीष यादव, इशु यादव के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। फरार आरोपी इशु यादव की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### घर को डीजल से जलाने का प्रयास



**भिलाई।** घर में डीजल उडेलकर आग लगाने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 328(जी), 62, 190(3), बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि संजू तिवारी ने शिकायत किया था कि रोहित तिवारी उसका दोस्त राजा बिल्ली दोनो राहुल सिंह पर प्राण घातक हमला किए थे। जिसका उपचार सुपेला निजी अस्पताल में जारी है। 30 अप्रैल की रात सभी अपने घर में सोए हुए थे। इस दौरान डीजल की बदबु और घर के बाहर चिल्लाने की आवाज आने पर पीड़ित घर के बाहर निकलने पर देखा 10-12 लोगों के हाथों में डीजल कंटेनर पकड़े हुए है। इसमे चार के पास हांथ में कई हथियार लेकर खडे है। युवकों द्वारा राहुल भाई पर हमला किए हो बजरंगी और टकला ने जलाकर मारने भेजा है। पीड़ित के शोर मचाने पर सभी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से शंकर नगर चौक सुपेला निवासी अनीष यादव, शंकर पारा सुपेला सोनू यादव समेत अन्य 8 अपचारी बालको को को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। युवकों के पास से चाकू, डीजल का जरकिन को जब्त कर जेल भेजा गया। दाखिल किया गया है।

### डॉ. अशोक कुमार सेल के निदेशक फायनेंस बने

**भिलाई।** डॉ. अशोक कुमार पंडा ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। 1992 में प्रशिक्षु के रुप में करियर शुरु करने वाले डॉ. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है।



# अंधेरे में टाउनशिप, मच्छरों के बीच रतजगा, 200 पेड़ गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुवार को तेज अंधड़ और बारिश से टाउनशिप का भी जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बिजली गुल होने से लोगों को रतजगा करने मजबूर होना पड़ा। अंधेरे, उमस और मच्छरों के कारण रहवासी भारी परेशान रहे। टाउनशिप के सेक्टर 6 सहित कई क्षेत्रों में बिजली शुक्रवार को भी गुल रही। बीएसपी के विद्युत अनुभाग के कर्मचारी मेंटेनेंस और बिजली बहाली के प्रयास में लगे रहे। अंधड़ से रात करीब दो सौ पेड़ उखड़ गए। केबल भी टूटकर सड़क पर गिरे रहे। बीती शाम तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण टाउनशिप में ब्लैक आउट जैसी स्थिति रही।कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। तेज अंधड़ से आपूर्ति लाइन पर गिरे 50 से अधिक से अधिक पेड़ों ने टाउनशिप में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित किया, जिसके कारण टाउनशिप के विभिन्न सेंक्टरों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। सेक्टर 1, 2, 3, 7, 8 सहित अधिकतर सेक्टरों में बिजली गुल होने से लोगो को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। सेक्टर 1 डबल स्टोरी में बिजली रात भर नही आई, सिंगल स्टोरी में रात 10 बजे आई। सेक्टर 4 में 10 बजे और सेक्टर 7 में रात 12 बजे बिजली बहाल हो सकी। लोग रातभर भारी उमस और मच्छरों से परेशान रहे। महिलाएं, बच्चे और रतजगा करते रहे। कई लोग बाहर कुर्सियां निकालकर लाइट आने का इंतजार करते रहे तो कुछ विभाग के लोगों को मोबाइल करते रहे लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सेक्टर 6 में शुक्रवार को शाम 7 बजे तक बिजली नहीं आई थी। सेक्टर 2, सेक्टर 8 और रुआबांधा सेक्टर सहित कई सेक्टरों में आज भी बिजली आती जाती रही।

## बाहर कुर्सियां डाल लोग लाइट आने का करते रहे इंतजार

### अफसर भी परेशान रहे

बीती रात एमएसडीएस से बिजली सप्लाई बंद होने से लोगों को कई तरह की दिक्कतें आईं। आफिसर कालोनी सेक्टर 10 और सेक्टर नौ में भी बीएसपी अफसरों और राज्य शासन के अधिकारियों और उनके परिजनों को भी परेशान होना पड़ा। सेक्टर दस में कई आईपीएस और आईएएस अफसर निवास करते हैं। बिजली गुल होने से अधिकारी फोन पर बीएसपी के बिजली विभाग से बिजली गुल होने और कब आएगी पूछते रहे। कुछ अफसर अपनी कार में बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे।



### विद्युत अभियांत्रिकी टीम की अपील

अंधड़ से बिजली आपूर्ति बाधित होने से बीएसपी के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की टीम बिजली मेंटेनेंस में जुटी रही। प्रबंधन द्वारा जारी मेल में बताया गया कि रात स्थिति की सूचना मिलने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अनुभाग के सदस्यों ने क्रेन, डोजर, डम्पर और उद्यानिकी विभाग के टीम के सहयोग से गिरे हुए पेड़ों को हटाया और हुई क्षति का आंकलन कर क्रमषः सुधार की कार्यवाही प्रारंभ की। जहां क्षति कम हुई थी और थोड़े से प्रयास से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो सकती थी, वहां पर रात्रि में ही विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। विद्युत अनुभाग की टीम कल संध्या से लगातार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द सामान्य करने में लगी है। हालांकि, व्यापक नुकसान के कारण, कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति सामान्य होने में समय लग रहा है। प्रबंधन ने टाउनशिपवासियों से सहयोग की अपील की है।

## 32 हजार बीएसपी आवासों के पीछे स्वच्छता को लेकर अधूरी है योजना

# टाउनशिप में सौ करोड़ की बेकलेन सफाई योजना 11 साल से ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी की टाउनशिप में 11 वर्ष पहले 32 हजार सरकारी आवासों के पीछे सफाई के लिए 100 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई थी। लेकिन आज भी यह महत्वाकांक्षी योजना अफसरों की लापरवाही की वजह से ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। हालत यह है कि 32 हजार आवासों के पीछे सैकड़ों टन कचरा आज भी पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से इस क्षेत्र में दुर्गंध फैलने के साथ लोग संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर यहां मच्छरों के आंतक से भी लोग परेशान है। हालात यह है कि पाइप लाइनों की सफाई न होने की वजह से कई आवासों के शौचालयों में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है। हालांकि सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार कर्मचारी यूनियनों ने शिकायत की है। वह उनकी भी आज तक सुनवाई नहीं की गई है।

ग्रीन भिलाई व क्लीन भिलाई का नारा देने वाला बीएसपी प्रबंधन आज टाउनशिप के बेकलेन में जमा हजारों टन कचरे का उठाव नहीं कर पा रही है। हालात यह है कि नालियों का पानी भी खुले मैदान में जमा हो रहा है। जिसकी वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं मच्छर जनित बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे है। आज से 55 साल पहले बीएसपी ने 13 सेक्टर में 32 हजार आवासों का निर्माण किया था। लेकिन स्वच्छता को लेकर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए है। बेकलेन में सफाई न होने की वजह से 32 हजार सरकारी आवास में रहने वाले लोग बदबू से परेशान हैं। बारिश के दिनों में हर शासकीय आवास के पीछे पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण लोग कई बीमारियों की चपेट में आ जाते है। बीएसपी ने यहां रहने वाले लोगों की परेशानी को देखते हुए वर्ष 2013-14 में एक अरब की लागत से टाउनशिप में बेकलेन के कचरे की सफाई की योजना बनाई थी। इसके तहत तेरह सेक्टरों में हजारों आवासीय ब्लॉक के पीछे जमा कचरे की सफाई का दावा भी किया था। लेकिन आज तक इन ब्लाक में आज तक सफाई नहीं हुई है।

## हजारों आवासों के पीछे गंदगी का अंबार





### फॉगिंग नहीं होने से फैल रही बीमारियां

टाउनशिप के हजारों आवासों में बेकलेन सफाई का मुद्दा 11 साल से यहां के रहवासी उठा रहे है। लेकिन उनकी सुनवाई प्रबंधन नहीं कर रहा है। हालात यह है कि इन आवासों के आसपास कभी भी फॉगिंग नहीं कराई जाती है। जिसकी वजह से मच्छरों का आतंक है। मच्छरजनित बीमारियों से यहां के लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है।

### डोर-टू-डोर कचरे का उठाव भी हर रोज नहीं

बीएसपी प्रबंधन ने डोर-टू-डोर कचरे के उठाव व सफाई व्यवस्था के लिए निजी ठेका दिया है। ठेका एजेंसी के एक सैकड़ा कर्मचारियों को भी यहां तैनात किया गया है। लेकिन उसके बाद ठेका एजेंसी द्वारा हर रोज न तो सफाई की जा रही है। साथ ही कचरे का उठाव भी नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर भी यहां के रहवासियों में गुस्सा है। बीएसपी ने कई जगह कचरे के लिए डस्टबिन तो लगाए हैं, लेकिन यह डस्टबिन आज सोपीश बन गए है।

### 55 वर्ष पुरानी सीवरेज व पेयजल लाइन नहीं बदली

इस योजना के तहत बीएसपी प्रबंधन को 55 साल पुरानी पेयजल और सीवरेज पाइप लाइन को बदलना था। इस योजना के तहत सेक्टर एक से सेक्टर छह में काम तो शुरू हुआ था। लेकिन बाद में यह काम बंद कर दिया गया। अब हालात यह है कि कई जगह सीवर की लाइन फूट गई है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी आवासों के पीछे भरा रहता है। जिसकी बदबू से भी यहां के हजारों लोग परेशान है। वहीं दूसरी ओर सीवर व पेयजल पाइप लाइन भी कई जगह फूट गई है। लोगों के घरों में गंदा पानी भी पहुंच रहा है। इसकी शिकायत कई बार कर्मचारियों ने की है। उसकी सुनवाई भी आज तक बीएसपी प्रबंधन ने नहीं की है।

## आबकारी विभाग से की शिकायत

# शराब दुकान के सामने से गुजरने वाली महिलाओं-बच्चों के साथ हो रही छींटाकशी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जुनवानी में देशी शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने को लेकर कई बार सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन किया है। साथ ही इसको लेकर आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की गई है। लेकिन आज तक दुकान का दूसरी जगह ट्रांसफर नहीं किया गया है। उधर शराबी अक्सर यहां से गुजरने वाली महिलाओं व बच्चों के ऊपर छींटाकसी भी कर देते है। जिसकी भी शिकायत की गई है। अब समाजसेवी संगठनों का कहना है कि अगर जल्द ही जुनवानी देशी शराब की दुकान का ट्रांसफर नहीं हुआ तो आगामी दिनों में स्थानीय रहवासियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। शिकायतकर्ताओं ने बताया की शराब दुकान के समीप स्कूल व कॉलेज है।

- जुनवानी देशी शराब दुकान का ट्रांसफर नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

हर शाम यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। कई बार शराबी आने जाने वालों के साथ अक्सर विवाद करते देखे जाते है। इसके अलावा शराबियों द्वारा आने जाने वालों के साथ सड़क हादसा होता है। जुनवानी रोड भिलाई शहर में आकर्षण का केंद्र है। वही इस देशी शराब दुकान के कारण महिलाएं और बच्चे का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दुकान को जल्द यहां से हटाया नहीं गया तो आगामी दिनों में जो आंदोलन होगा। जिसकी जिम्मेदारी आबकारी विभाग व दुकान मालिक की होगी। स्कूल कॉलेज यहां आसपास होने के कारण नाबालिग भी कई बार दुकान से शराब खरीदे देखे गए है।

# शिवपुरी-जामुल में दुकान का शटर काटकर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चोरी की वारदात को लेकर जामुल के लोग खासे परेशान हो रहें है। सप्ताह भर में यहां आधा दर्जन से अधिक लोगों के यहां चोरी की घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक शिवपुरी वार्ड 18 मुख्य सड़क पर स्थित देवांगन इडली दोसा और फास्ट फूड कार्नर के दुकान का शटर काटकर चोरी किया गया है। संचालक वार्ड 2 निवासी दिलीप देवांगन ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत भी की है। अभी तक चोर का सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस की पेट्रोलिंग होने के बाद भी चोरी की वारदात लगातार हो रही है। वहीं सप्ताह भर पूर्व ईश्वरी साहू के यहां भी 17 हजार रुपए नगद चोरी हुआ था। फिर भी जामुल पुलिस के हाथ खाली है। वार्ड 16 के जितेंद्र मोठघरे के यहां से भी सोना चांदी समेत नगदी पार, भागीरथी साहू के मकान से भी चोरी की वारदात हो चुकी है। बावजूद पुलिस के हाथ खाली है। शिवपुरी जामुल में चोरी की घटना लगातार हो रही है। बावजूद पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाई है।

- नगदी समेत सामान पार किया, आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर



### एक साथ पांच मकानों में चोरी

जामुल क्षेत्र में आठ माह पूर्व एक साथ पांच मकानों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। लेकिन चोर का अब तक पता नहीं चल पाया है। आसपास लगे सीसी कैमरों को तक पुलिस खंगालने नहीं पहुंचती है। इसके कारण चोरो का यहां हौसला बुलंद हो गया है। लगातार बढ़ रहे चोरी को लेकर पुलिस के हाथ खाली है।

# सेक्टर एक उद्यान में स्थापित करें डां. अंबेडकर की प्रतिमा

**भिलाई।** इंडिया प्रजा बंधु पार्टी ने बीएसपी के महाप्रबंधक टाउनशिप को ज्ञापन सौंपकर अंबेडकर सेक्टर 1 उद्यान में बाबा साहब डां. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने, उद्यान का सौंदर्यीकरण और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर 15 मई को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश भारती ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में नगर सेवाएं विभाग के अधिकारी से चर्चा में सेक्टर 1 उद्यान में जब दिन ढ़लता है असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की जानकारी दी गई थी। उनकी अराजक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई थी। साथ ही उद्यान में डां. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई थी। इस संबंध में आश्वासन भी मिला था। लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने पंद्रह दिन में मांगें पूर्ण नहीं होने पर सेक्टर एक उद्यान में धरना दिये जाने की चेतावनी दी है।

- इंडिया प्रजा पार्टी ने की बीएसपी से मांग

# नगर निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जा हटाया। अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 खसरा नबंर 541 में अनिल अग्रवाल द्वारा लगभग 8000 वर्गफीट में प्रिकास्ट लगाकर घेरा किया जा रहा है। जबकि ग्राम जुनवानी राजस्व अभिलेख में अनिल अग्रवाल पिता घनपत अग्रवाल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। पूर्व में उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण गठित टीम द्वारा किया गया था। जिस पर बृजेश शर्मा द्वारा मुरूम डालकर एवं प्रिकास्ट घेरा करके अतिक्रमण किया गया था। जिसे संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में रिक्त करवाया गया था। उक्त शासकीय भूमि भिलाई सीमा के अंदर होने के नाते हल्का पटवारी प्रतिवेदन में पंचनामा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप आज कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के दुसरे खसरे में चालाकी पूर्वक अपना जमीन मानकर जानबुझ कर अतिक्रमण कर रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा को रिक्त कराया गया। स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

# शोकसभा में शामिल हुए डिप्टी सीएम शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज पाटन के सोनपुर स्थित छग आरएसएस के प्रांत प्रचारक अभयराम निषाद के घर पहुचे। वे श्री निषाद के पिता के निधन पर अंतिम संस्कार व शोक सभा में शामिल हुए। इस दौरान विभाग कार्रवाह संजय पाण्डेय,सह कार्रवाह दिलेश्वर उमरे, विभाग प्रचारक रोशन, नेतराम साहू, जिला कार्रवाह डां. सुनील पटेल, डां. सुनील साहू, जीतेन्द्र वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनन्द ओझा सहित ग्राम को लोग उपस्थित थे।

# मेटलर्जिकल उद्योगों की चुनौतियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों की सहभागिता में मेटलर्जिकल उद्योगों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर उच्च स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई सेंटर तथा इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स (छत्तीसगढ़ चैप्टर) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन और बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी व महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे। बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक मंजू हरिदास, पूर्व महाप्रबंधक प्रभारी राजीव वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गांगुली, वरिष्ठ महाप्रबंधक (वेदांता एल्यूमिनियम लिमिटेड, लांजीगढ़) अभिषेक दुबे, अध्यक्ष (आईआईपीई छत्तीसगढ़ चैप्टर) एएन सिंह, तथा अध्यक्ष (आईईआई) पुनीत चौबे ने विचार व्यक्त किए। श्री दत्ता ने कहा कि शुरु में स्लैग के निष्पादन में अनेक चुनौतियाँ थीं, लेकिन सीमेंट संयंत्रों द्वारा स्लैग के उपयोग ने इसका समाधान किया। सेल द्वारा धान की पराली को सिन्टर संयंत्रों में बायोफ्यूल के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इससे स्मॉग की समस्या कम करने में मदद मिल रही है।

- इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स का आयोजन




### ठोस ईंधनों पर निर्भरता घटाएं

राजीव वर्मा ने ठोस ईंधनों पर निर्भरता घटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. गांगुली ने मेटलर्जी प्रक्रियाओं में हजार्डस और नॉन-हजार्डस अपशिष्ट की पहचान एवं पृथक्करण पर बल दिया और जीरो सॉलिड डिस्चार्ज" मॉडल अपनाने का सुझाव दिया। स्वागत भाषण मानद सचिव बसंत साहू ने दिया। कार्यक्रम का संचालन चैप्टर की निधि शुक्ला व महाप्रबंधक मंजू हरिदास और चैप्टर के सचिव पीके नियोगी ने आभार प्रदर्शन किया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 3 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

घुंघरू ड्रेस पहनकर धूम मचाई

## लाइव इवेंट

### नाट्य, नृत्य, संगीत और साहित्य विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का रजिस्ट्रेशन 4 से शुरु



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई और कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा जे एम सी लाइव बैंड के तत्वावधान में निःशुल्क नाट्य, नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला एवं साहित्य विधा के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सदगुरू कबीर दर्शन केंद्र उमरपोटी में किया जाएगा। जिसके लिए 4 मई से रजिस्ट्रेशन शुरु हो जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की रुपरेखा के संबध में बैठक आयोजित की गई थी। सदगुरु कबीर दर्शन केन्द्र निदेशक मुकुन्द दास मानिकपुरी ने बताया कि शिविर में विश्व रंगमंच दिवस, हिंदी रंगमंच दिवस, विश्व कला दिवस, अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस और विश्व संगीत दिवस के लिए निःशुल्क नाट्य फिल्म एक्टिंग, नृत्य,संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला एवं साहित्य विधा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य नव प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें सम्बन्धित विधाओं में दक्ष होने के लिए प्रोत्साहित करना तथा समाज की सकारात्मक मुख्य धारा से जोड़ना है। इस कार्यशाला में भिलाई तथा दुर्ग से कोई भी भाग ले सकता है। ग्राम उमरपोटी, उतई, नेवई, पतोरा सहित अन्य ग्रामों की प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखार कर सामने लाने के उद्देश्य से यह निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में भाग लेने के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म द्वारा प्रवेश पत्र आमंत्रित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म के लिंक के माध्यम से ऑनलाइन कार्यशाला में अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। कार्यशाला में विद्यार्थी, नौकरी पेशा, व्यवसाय करने वाले, गृहणियां, अवसर प्राप्त कर्मी, दिव्यांग सहित कोई भी भाग ले सकते हैं। कार्यशाला में प्रतिभागिता के लिए 4 मई से रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस वर्ष प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करना तथा एक कलाकार का समाज के प्रति उत्तरदायित्व, आयोजनों में दर्शकों का पक्ष जैसे गम्भीर विषयों पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति द्वारा भविष्य में कार्यशाला के चयनित प्रतिभागियों के द्वारा सदगुरू कबीर के जीवन दर्शन को लेकर एक भव्य मंचीय प्रस्तुति का निर्माण भी प्रस्तावित रहेगा। बैठक में सद्गुरु कबीर दर्शन केन्द्र (शोध एवं सेवा संस्थान) उमरपोटी निदेशक मुकुन्द दास मानिकपुरी, कंवल दास मानिकपुरी, विमल दास मानिकपुरी, कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शक्ति चक्रवर्ती, अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बबलू विश्वास, सचिव प्रदीप चटर्जी और बरुण चक्रवर्ती, सारथी चक्रवर्ती, पार्थ चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### ऑटोमोबाइल सेक्टर में विद्यार्थियों का दिखा उत्साह, कैंपस सलेक्शन में मारी बाजी



**भिलाई।** फ्लैश इलेक्ट्रॉनिक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भारती विश्वविद्यालय, पुलगांव कैंपस दुर्ग में कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। ऑटोमोबाइल निर्माण उद्योग की फ्लैश इलेक्ट्रॉनिक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में ओपन कैंपस भर्ती अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण और प्लेसमेंट (टीएनपी) अधिकारी प्रियंका साहू के मार्गदर्शन में किया गया था। कैंपस ड्राइव में ऑटो सेक्टर की अग्रणी कंपनियों के साथ करियर बनाने के साथ ही बड़ी कंपनियों में कार्य कर अपना करियर बनाने वाले छात्रों ने बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लिया था। कैंपस ड्राइव के दौरान भर्ती प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, उसके बाद योग्यता परीक्षण, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर राउंड शामिल थे। फ्लैश इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने छात्रों द्वारा दिखाए गए उत्साह और तैयारी पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। ओपन कैंपस अभियान भारती विश्वविद्यालय के उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत बनाने और अपने छात्रों के लिए सफल करियर प्लेसमेंट दिलाने के लिए किया गया था। भारती विश्वविद्यालय के कैंपस भर्ती अभियान के दौरान कई विद्यार्थियों ने अच्छा प्लेसमेंट हासिल किया। विश्वविद्यालयों के उच्च अधिकारियों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों की कड़ी मेहनत और संकाय प्रमुखों की सराहना की और सभी चयनित छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मत्स्य निरीक्षक परीक्षा के नतीजे जारी

**भिलाई** । मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 23 मार्च को आयोजित की गई थी। जिसमे 21 हजार उम्मीदवारों ने फॉर्म भरे थे लेकिन परीक्षा में सिर्फ 9 फीसदी ही शामिल हुए थे। दुर्ग भिलाई में इस परीक्षा के लिए 24 केंद्र बनाए गए थे। लेकिन ज्यादातर सेंटर्स खाली ही थे। मछली पालन विभाग के प्रस्ताव पर मत्स्य निरीक्षक भर्ती के लिए व्यापमं की ओर से कुल 70 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। पहले यह परीक्षा सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। लेकिन कुछ कारणों से इस परीक्षा को स्थगित किया गया था। वही अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं।

---

**रूंगटा आर-1 ग्रुप में फाइनल ईयर विद्यार्थियों का विदाई समारोह**

# कॉलेज के आखिरी दिन क्लास रूम पहुंचे सीनियर्स, खट्टी-मीठी यादों के साथ फेयरवेल में जूनियर्स के साथ जमकर थिरके, जीता लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

कॉलेज कैंपस में बिना बैग और कॉपी-किताब के साथ रंग-बिरंगी साड़ी पहनकर लेटेस्ट हेयर स्टाईल में फैशन का जलवा बिखेरती छात्राएं और सूटबूट में फिल्मी हीरों का स्टाइल देते छात्र। रोचक गेम्स में अपनी बारी का इंतजार करते स्टूडेंट। प्रोफेशनल डीजे की धुन में बॉलीवुड और हॉलीवुड गीतों के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों पर जमकर झूमते हुए सीनियर के साथ जूनियर स्टूडेंट। दोस्तों के संग यह शानदार नजारा शुक्रवार को रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दिखाई दिया। अवसर था फेयरवेल पार्टी का। जहां सीनियर्स भावुक दिखे वहीं जूनियर्स ने सभी के साथ जमकर सेल्फी ली।

**भिलाई।** रूंगटा आर-1 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के फाइनल ईयर पास आउट विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का सिलसिला शुरू हो गया। पहले दिन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को फेयरवेल दिया गया। जब कि शुक्रवार को जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स को विदाई दी गई। तीन दिनों के इस फेयरवेल समारोह का नाम विगम रखा गया है। कॉलेज में हुए फेयरवेल कार्यक्रम के लिए सीनियर्स के क्लास रूम को भी शानदार ढंग सजाया गया। सभी सीनियर्स ने कॉलेज में बिताए दिनों को याद किया और भावुक हो गए। सभी आखिरी दिन अपनी क्लास की टेबल पर बैठे और क्लासरूम में बीते खट्टे-मीठे पलों पर याद किया। जैसे ही सीनियर्स कॉलेज कैंपस के भीतर पहुंचे तो जूनियर छात्रों ने उनका स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया। अपने सीनियर्स पर फूलों की बारिश कराई। माथे पर तिलक लगाकर आने वाले सफर की शुभकामनाएं दी। सीनियर्स भी खूब सजधज कर कॉलेज पहुंचे और डीजे की धुन पर जमकर थिरके। सीनियर्स छात्रों ने अपने जूनियर्स को पढ़ाई में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया, वहीं कॉलेज का आखिरी दिन होने के नाते सभी ने हमेशा संपर्क में बने रहने की वादा किया। कार्यक्रम में रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने भी सीनियर छात्रों को अच्छे कैरियर और अच्छे स्वास्थ्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन ने भी छात्रों के अच्छे भविष्य की कामना की।



### कॉलेज लाइफ अचीवमेंट्स का मिला अवार्ड

फेयरवेल पार्टी के बाद सभी सीनियर्स स्टूडेंट्स को उनकी कॉलेज लाइफ में अचीवमेंट्स के लिए पुरस्कृत किया गया। मिस्टर एक्स्ट्रा क्यूरिकूलर टी. लिवास बने, जबकि मिस एक्स्ट्रा क्यूरिकूलर अक्षिता भूते बनी। मिस्टर और मिस एकेडमिक का खिताब दिवाकर, मेहूल, ओमकार, गौरव, ऋषिकेश, यशवंत, यश, अर्पित, साजिद अली, किसन कुमार, सुमंती रेड्डी, अभिनव, प्रेम मेहेर, अंजलि, दामिनी गोमती, खुशबू, अन्नपूर्णा, जाशमीन, सौम्या, वेदस्मिता को दिया गया। वहीं मिस्टर एंड मिस स्पोर्ट का खिताब अजय कुमार और वैष्णवी सिंह को दिया गया।

### जमकर झूमे सीनियर्स और जूनियर

इस फेयरवेल को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम में प्रोफेशनल डीजे मौजूद रहा। बॉलीवुड और हॉलीवुड गीतों के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों पर भी छात्र जमकर झूमे। शाम को शुरू हुई यह महफिल देर रात तक जारी रही। सीनियर और जूनियर छात्रों ने साथ मिलकर अलग-अलग गेम्स भी खेले। इसके विजेताओं को पुरस्कार भी दिए। सभी सीनियर छात्राएं साड़ी पहन कर पहुंचीं। कार्यक्रम के आयोजन में फैकल्टी ग्रुप डायरेक्टर ईसीएस महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. मुकेश शर्मा, डीन केजे सावत, डॉ. लखविंदर कौर, डॉ. निलाभ साव, डॉ. एस भारती, डॉ. रेजो रॉय, डॉ. प्रियंका सिंह के साथ के. जोएल और सुभाष झा के विशेष सहयोग से सभी स्टूडेंट ने फेयरवेल पार्टी का आनंद उठाया।








---

# एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम में सुमधुर गीतों से दी गई श्रद्धांजलि, झूमें श्रोता

**भिलाई।** महान गायक मन्ना डे के 106 वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन रिसाली में आयोजित किया गया था। इस दौरान रिसाली लड्डू गणेश मैदान के मंच का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पार्षद जमुना ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम में नैवेद्य एंड ग्रुप द्वारा मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम से पहले आए आंधी और बारिश के बाद भी कार्यक्रम का आयोजन अपने तय समय पर शुरु किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि महापौर शशि सिन्हा द्वारा मन्ना डे के छायाचित्र पर पुष्प और टीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम में श्यामल गोस्वामी, देवाशीष विश्वास, पामेला विश्वास, तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्त ने मन्ना डे के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। तबला में आर पी जेना और सिंथेसाइजर में साईं चक्रवर्ती ने संगत की। मंच संचालन गोविंद पाल ने किया।

**रिसाली के लडाल मैदान में हुआ आयोजन**





# मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया चरण वंदन, गमछा भेंट कर किया सम्मानित

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने ग्राम पंचायत ढौर हिग्नडीह में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यस्थल पर पहुंचकर 120 से अधिक श्रमिकों के साथ कार्य में सहभागिता कर, उन्हें सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने सभी श्रमिक महिला-पुरुषों के चरण धोकर, उन्हें गमछा भेंट किया और नाश्ते की व्यवस्था कर श्रम की गरिमा को नमन किया। यह स्नेहपूर्ण भाव देखकर वहां उपस्थित सभी लोग भावविभोर हो उठे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि श्रमिक ही हमारे देश की नींव हैं। उनका सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित करने से ही मजदूर दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। इस आयोजन में सरपंच संघ अध्यक्ष दामिनी साहू, ग्राम पंचायत सरपंच देवानंद कुर्रे, भाजपा अहिवारा मंडल मंत्री राजा शर्मा, गणेश टंडन, सत्य प्रकाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।



---

**आध्यात्मिक प्रवचन के दसवें दिन काफी संख्या में भक्तों ने की महाआरती**

**कार्नर न्यूज**

# ईश्वर प्राप्ति के लिए कर्म, ज्ञान और उपासना जरुरी, श्रीश्वरी देवी ने बताया सत, चित और आनंद ब्रम्ह शक्तियां

**भिलाई।** रिसाली उमरपोटी में आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रवचन के दसवें दिन विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु कृपालु जी महाराज की कृपा प्राप्त प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ईश्वर प्राप्ति के मार्ग और ब्रम्हा की तीन स्वरूप शक्तियां के बारें में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ईश्वर प्राप्ति के लिए कर्म, ज्ञान और उपासना या भक्ति जरुरी है और ब्रम्हा के सतब्रम्ह, चितब्रम्ह एवं आनंद ब्रम्ह तीन शक्तियां है।

श्रीश्वरी देवी ने बताया कि ईश्वर प्राप्ति के केवल तीन उपाय अर्थात मार्ग हैं। आप कहेंगे, जब भौतिकवाद में अनेक उन्नतियाँ हो रही है तो ईश्वर प्राप्ति में अनादिकाल से अब तक तीन ही मार्ग क्यों है? चौथे मार्ग की खोज आज तक किसी आध्यात्मिक वैज्ञानिक ने क्यों नहीं की ? पर शायद आप यह नहीं जानते की नेचर के विपरीत विज्ञान नही हुआ करता। आँख से अनादि काल से देखने का काम लिया जाता है । वह कार्य विज्ञान द्वारा भी कान नहीं कर सकता। उसी प्रकार इन तीनों का स्वभाविक विज्ञान है जिसे समझ लेने पर आपका यह भ्रम समाप्त हो जायेगा।





### ग्रंथों में तीन मार्ग बताए गए

वेदों, शास्त्रों, पुराणों आदि समस्त ग्रंथों में तीन हो मार्गों का प्रतिपादन किया गया है जिसमें प्रथम कर्म, द्वितीय ज्ञान एवं तृतीय भक्ति या उपासना। बस चौथा कोई मार्ग नहीं है। यदि कहीं पढ़ने, सुनने को मिलेगा तो वही इन्ही तीनों के अंतर्गत ही होगा। इसका विज्ञान यह है कि ब्रम्हा की तीन स्वरूप शक्तियां हैं सतब्रम्ह, चितब्रम्ह एवं आनंद ब्रम्ह। इसमें सत ब्रम्ह का स्वभाव कर्मवाला है, चितब्रम्ह का स्वभाव ज्ञान एवं आनंद ब्रम्ह का स्वभाव प्रेम का है। चौथा कोई स्वभाव ईश्वर का नहीं है और उसी का अनादि सनातन अंश होने के कारण प्रत्येक जीव का भी तीन प्रकार का स्वभाव हो सकता है कर्म, ज्ञान और भक्ति का। जब चौथा स्वभाव है ही नहीं तो चौथा मार्ग कैसे बन सकता है? अब एक–एक मार्ग पर गंभीर विचार करना है। दसवें दिन आध्यात्म प्रवचन के विश्राम के बाद राधा रानी की महाआरती की गई। इस दौरान आसपास सहित अन्य क्षेत्रों से भक्त उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में पारधियों की गोत्र उत्पत्ति कथाओं की रामकुमार ने दी प्रस्तुति



**भिलाई।** राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद पुणे महाराष्ट्र द्वारा भारतीय परिपेक्ष्य में सामाजिक विज्ञान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के 275 शोधार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। वही छत्तीसगढ़ के सात अन्य शोधार्थियों सहित राम कुमार वर्मा ने घुमंतू जनजाति पारधियों की गोत्र उत्पत्ति, कथाओं की प्रस्तुति को पीपीटी द्वारा प्रस्तुत की। इसमें पारधियों के सिसोदिया, पुंवार, चौरसिया, मरारिया, तितोड़ी, सोलंकी, मच्छीमार, मालिया,कथरियो, कुरगुल, रहिरियो आदि गोत्रों की उत्पत्ति कथाओं की प्रस्तुति दी। साथ में पारधी समाज के बहादुर राजाओं राजा घुघुस, बंजी राय, गुरुकुल, लखनिया-लोझनिया, चांदा-टिहला, उड़नपंखी घोड़ा, ककरिया कोठ, देवी ईशोत, देवी सिकोतर आदि उत्पति कथाओं की प्रस्तुति समस्त शोधार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। शोध प्रस्तुति के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो.ए.डी.ए.बाजपेयी, वाइस चांसलर प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी, डॉ. शैला राय ने बधाई देते हुए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। जनजाति शोध अभिलेखीकरण के क्रम में राम कुमार वर्मा द्वारा पारधी, बैगा, बसदेवा, कोल, संवरा, देवार आदि की लोक संस्कृति, लोक जीवन सहित छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के विविध पक्षों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**ब्रह्मकुमारीज हाउसिंग बोर्ड भिलाई में समर कैंप का आयोजन**

# सहयोग का गुण बनाता है अच्छा इंसान, जरूरतमंदों की मदद कर आशीर्वाद कमाएं, मिलेगी सफलता, बच्चों ने मेडिटेशन का लिया संकल्प

**भिलाई।** ये सहयोग करने का दिव्यकारी गुण ही हमे धीरे धीरे अंदर से एक बहुत अच्छा इंसान बनाता चला जाता है। विपरित परिस्थितियों से सामना कर जीवन में आगे बढ़ने की यह प्रेरणादयक बातें ब्रह्मकुमारीज हाउसिंग बोर्ड द्वारा बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप में अधिवक्ता जसवीर ने कही। इस दौरान बच्चों ने राजयोग का नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया। ब्रह्मकुमारीज हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें भिलाई के अधिवक्ता बी.के जसवीर ने अपने बचपन से किए गए राजयोग के अभ्यास के अनुभव को बच्चों से शेयर करते हुए बताया कि बचपन में वे भी बहुत जल्दी घबराने, डरने या रोने की समस्या से ग्रसित थे लेकिन बीके बहनों द्वारा बताए गए राजयोग के अभ्यास से उनका योग इस ब्रह्मांड के मालिक जिसे हम भगवान, ईश्वर, अल्लाह, गॉड या वाहे गुरु के नाम से जानते है, उस परमात्मा से कनेक्शन स्थापित कर, उनसे संबंध जोड़ अपने जीवन में डर, भय व रोने की आदत को परिवर्तन कर एक शक्तिशाली इंसान के रूप में सफल वक्ता बन उभर कर सामने आए। जिसका सारा श्रेय उन्होंने ब्रह्मकुमारीज में सिखाए जा रहे राजयोग को दिया। इसी के साथ बच्चों को कैसे उनके जीवन में राजयोग के अभ्यास से एकाग्रता का विकास हुआ, याददाश्त में वृद्धि हुई और जो भी चिड़चिड़ापन था वो भी यहां के संस्कारों से समाप्त होने सहित राजयोग का महत्व बताया। साथ ही उनकी दिनचर्या भी अनुशासित होने और उनके भीतर सहयोग और प्रेम के गुण का आश्चर्य चकित विकास होने के अनुभवों को शेयर किया।

*दुआएं या आर्शीवाद कमाने का सब से सरल साधन सहयोग का गुण है। हमें यथासंभव अपने निजी कार्यों को भी संभालते हुए हमारे माता-पिता, दोस्त व हर जरूरतमंद व्यक्ति की समय पड़ने पर जरूर मदद करनी चाहिए। जीवन में आर्शीवाद का भंडार जमा करना चाहिए। यही आर्शीवाद हमारे जीवन में मुसीबतों से बचाती है और कठिन परिस्थितियों में सही दिशा दिखा कर जीवन में अनेक सफलताओं को प्राप्त कराती है, इसलिए जिस तरह हम हम खाना खाते है, नित्य कर्म करते है, उसी तरह हमें कुछ सहयोग रूपी पुण्य कर्म रोज जमा कर के ही दिन की समाप्ति करनी चाहिए।*



### राजयोग का किया अभ्यास

बच्चों ने इस कहानियों से भरे रमणीक क्लास का लाभ उठाया और संकल्प लिया कि वह भी राजयोग का नियमित अभ्यास कर आत्मा के सातों गुण सुख, शांति, प्रेम, पवित्रता, आनंद, ज्ञान और शक्ति को स्वयं में धारण कर अच्छा इंसान बन अपने देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने राजयोग मेडिटेशन कराया। क्लास के अंत में बच्चों को एक्सरसाइज और नृत्य भी करवाया गया। हाउसिंग बोर्ड की इंचार्ज बी.के वर्षा बहन द्वारा बच्चों में प्रसाद वितरण भी किया गया।






### महाभारत के पात्र का उदाहरण देकर बताया एकाग्रता का महत्व

एकाग्रता पर क्लास कराते हुए जसवीर ने बताया कि संपूर्ण मन, वचन, कर्म सहित बिना किसी बाहरी आवरण के प्रभाव के किसी एक लक्ष्य में टिक जाना ही संपूर्ण एकाग्रता कहलाता है। किसी भी क्लास के समय अपना संपूर्ण ध्यान क्लास में लगा कर, एकाग्रता के साथ एक एक शब्द सुनने से वह पाठ आजीवन के लिए हमारे अंदर बैठ जाता है। इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण महाभारत का वह दृष्टांत है जहां अर्जुन गुरु द्रोणाचार्य के शब्दों को एकाग्रता पूर्वक सुन कर, समझ कर सीधे चिड़िया की आंख को निशाना बना कर सफलता प्राप्त करता है।इसी क्रम में जसवीर ने दुआओं को जीवन की सफलता की बड़ी चाबी बताते हुए कहा कि अच्छा इंसान विपरीत परिस्थितियों में हिल सकता है लेकिन टूट नहीं सकता और हम जैसे जैसे राजयोग का अभ्यास करते है वैसे वैसे सहयोग की शक्ति हमारे अंदर धीरे से बहुत गहरे रूप में विकसित होना प्रारंभ हो जाती है और बड़े होने पर समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान देकर सम्मान का पात्र बनाती है।

**लाइव इवेंट**

## नियमित कर्मियों ने ठेका श्रमिकों को किया सम्मानित, मिला पुरस्कार



**भिलाई।** रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल फर्नेस अनुभाग के नियमित कर्मियों द्वारा अपने साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों का श्रमिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। ठेका श्रमिकों को उपहार भेंट करते हुए कार्यक्रम के आयोजक जावेद खान ने बताया की निरंतर बीस वर्षों से हम फर्नेस के नियमित कर्मी ठेका श्रमिक साथियों के लिए यह कार्यक्रम करते आ रहे हैं। इसमें फर्नेस एरिया में कार्यरत मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल तथा आपरेशन के समस्त ठेका श्रमिक शामिल रहते हैं। इस आयोजन में उपस्थित मुख्य अतिथि रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के मुख्य महाप्रबंधक तीर्थ दस्तिदार ने सुरक्षा पर जोर देते हुए सभी ठेका श्रमिकों को उपहार भेंट किया और विभागीय स्तर पर ठेका श्रमिकों के लिए आयोजित होने वाले स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिता मे भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर यांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक विनय कुमार, फर्नेस के वरिष्ठ प्रबंधक अनिल मेनन, वरिष्ठ प्रबंधक सत्यनारायण, सुधाकर वनवे, सुर्वा मुखोपाध्याय, विजय सोनी, असद हुसैन, हीरामन साहू, राम सुभाष मौर्य, कुंज लाल ठाकुर, राजकुमार ठीमर, फागू राम, रोहित साहू, सुखदेव, गणेश पटेल, अशोक साहू, ब्रह्मानंद, चंदन बंसी राम, देवराज, राजेन्द्र, कोमल, खिलावन दिलीप रामटेके, नारद देवांगन, दिलीप साहू, सोलोमन सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

- कर्मियों को उपहार भेंटकर किया प्रोत्साहित
- रेल मिल में मना श्रमिक दिवस

**सम्मान...**

## श्रमिकों के जीवन की महत्ता को किया रेखांकित, श्रम गीत गाकर बांधा समां

**भिलाई।** अगासदिया परिसर आमदीनगर भिलाई में श्रमिक दिवस पर दो सेवाभावी श्रमिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने श्रमिकों के जीवन की महत्ता को रेखांकित किया और महंत अंतराम ने श्रम गीत गाकर समां बांध दिया। दैनिक रोजी पर काम करने वाले वाहन चालक मोहम्मद यूसुफ खान धमधा क्षेत्र के गांव रवेलीडीह में रहते हैं। वे दिन भर वाहन चालन तथा रात को महाविद्यालय में चौकीदारी के साथ माली का काम भी करते हैं। उसी तरह दुर्ग के गया नगर निवासी हेमंत कुमार सिन्हा वाहन चालक के साथ समाजेवी भी हैं। दोनों को शॉल, श्रीफल, पुस्तक तथा स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अरूण अग्रवाल ने कहा कि समाज में एकता और सेवा के लिए काम करने वाले श्रमिक वर्ग के दो लोगों को मजदूर दिवस पर सम्मान देकर आगासदिया के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने आपसी भाईचारा और मेल मिलाप की परंपरा को सम्मान दिया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बसंत लाल मालवीय ने कहा कि दो अलग-अलग मजहब के श्रमिक मित्र एक साथ मंच पर सम्मानित हुए यह अनुकरणीय पहल है। विशेष अतिथि डॉ. रजनी नेलसन ने काव्य पाठ कर श्रमिकों के जीवन की महत्ता को रेखांकित किया। महंत अंतराम ने श्रम गीत गाकर समां बांध दिया। साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर ने श्रमिक जीवन की कठिनाइयों पर काव्य पाठ किया। मुनीलाल निषाद ने अपने जीवन में श्रम के कारण हुए परिवर्तन के बारे में बताते हुए अगासदिया के द्वारा प्रदत्त सम्मान को महत्वपूर्ण बताया। संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि दुनिया को मार्क्स और एंगल्स ने ऐसा दर्शन दिया जो वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कवियों ने जो रचनाऐं दी हैं उनमें हम इन सिध्दांतों की रोशनी को महसूस करते हैं। संत पवन दीवान, भगवती लाल सेन, हरि ठाकुर, बलदेव साव, द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र, नारायणलाल परमार, मुकुंद कौशल, लक्ष्मण मस्तूरिया की कविताएं शोषण के विरूध्द लड़ाई का हिस्सा भी हैं। इनमें सामाजिक एकता का स्वर है। छत्तीसगढ़ में कबीर, गुरूबाबा घासीदास का गहरा प्रभाव है। इसीलिए शोषण, जाति-पाति, दमन, ऊंच-नीच को छत्तीसगढ़ पसंद नहीं करता। जिन्हें हमने सम्मान दिया वे पढ़े लिखे संघर्षशील एकता के लिए काम करने वाले युवक हैं। समारोह में शिक्षाविद स्मिता वर्मा, डामन लाल साहू, यमुनोत्री वर्मा, खुशबू, उषा वर्मा, मधु वर्मा,नीतीश कुमार, अर्जुन वर्मा, राजेश खोब्रागड़े, अब्दुल कलाम सहित अगासदिया परिवार से जुड़े आदि मौजूद थे।



**आतंकवाद के खिलाफ सौंपा ज्ञापन**

## वैश्विक संस्कृति की सुरक्षा के लिए हिंदू संस्कृति का सुरक्षित रहना जरूरी- डॉ. अजय




**भिलाई।** आर्य समाज एवं आर्यवीर दल दुर्ग ने भारत सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा कदम उठाने की अपील की। 22 अप्रैल को पहलगाम में निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की हत्या की घोर निन्दा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की बर्बर हत्या की घोर निन्दा करते हुए धर्म पूछकर आतंकियों द्वारा की गई यह जघन्य हत्या मानवता के विरुद्ध है और बिल्कुल भी क्षमा करने योग्य नहीं है। सार्वदेशिक आर्यवीर दल युवा संगठन छत्तीसगढ़, पहलगाम में धर्म के आधार पर बलिदान हुए सभी हिन्दुओं को नमन करता है। राज्य सरकार एवं भारत सरकार से यह अपील भी करते हैं कि इस जगह ने हत्याकांड में बलिदान हुए पर्यटकों के परिवार को पर्याप्त सहायता राशि प्रदान की जाए। इस इस्लामिक आतँकवादी हमले में इंदौर के एक ईसाई और उत्तर पूर्वी भारत से भी एक ईसाई थे। दो विदेशी नागरिक भी थे। यह आतंकवादी हमला पूरी तरह से गैर मुस्लिम को केंद्रित था जो कि मज़हबी नफ़रत से प्रेरित है।

इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा हम विश्व का कल्याण हो या उद्घोष करने वाले लोग हैं। विश्व में शांति स्थापना करने के लिए तथा संपूर्ण विश्व को कुटुंब की तरह देखने के लिए हिंदू जाति सभ्यता संस्कृति और मूल्यों का विश्व भर में प्रचार प्रसार होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर आर्यवीर दल के प्रतिनिधि तुषार राव, कृष्णमूर्ति, हिमांशु, अतुल आदि उपस्थित थे।

**समाज लाइव**

## निषाद केवट समाज 51 जोड़ों का करायेगा सामूहिक विवाह



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन द्वारा 11 मई को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे समाज द्वारा 51 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जाएगा। दुर्ग जिला युवाध्यक्ष बिरेंद्र निषाद ने बताया कि दुर्ग-भिलाई के निषाद समाज के सभी जिला तहसील परिक्षेत्र के पदाधिकारी समेत आदर्श विवाह के लिए वर-वधु शामिल होंगे। समारोह का आयोजन वीआईपी रोड ग्राम फुडहर जिला रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे।

- 11 मई को आयोजन

**शोधार्थियों ने बनाया पॉलिमरिक इलास्टोमर्स की नवाचारात्मक सामान**

# आईआईटी के रसायन विज्ञान विभाग की टीम ने ध्वनि-रोधी उपकरणों के लिए विकसित की स्मार्ट सामग्री, प्रकृति के साथ भी लंबे समय तक रहेगी अनुकूल

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं ने अटूट और ध्वनि-रोधी उपकरणों के लिए पॉलिमरिक इलास्टोमर्स जैसी स्मार्ट सामग्री विकसित की है। जो प्रकृति के साथ भी लंबे समय तक अनूकूल रहते हुए कार्य करेगी। इन सामग्रियों का निर्माण एक सरल और उद्योग-अनुकूल प्रक्रिया से किया गया है। यह नवाचारात्मक सामग्री असाधारण आघात प्रतिरोध, ऊर्जा अवशोषण और स्वयं को ठीक करने की क्षमता दर्शाती है, जिससे यह अटूट और ध्वनि-रोधी उपकरणों सहित कई अन्य क्षेत्रों में उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह शोध आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग की टीम में स्वरूप मैती, निशिकांत सिंह, और डॉ. संजीब बेनर्जी द्वारा किया गया है।




### प्रकृति के साथ स्मार्ट पॉलिमरिक का प्रभाव

स्वरूप मैती और निशिकांत ने बताया कि स्मार्ट पॉलिमरिक सामग्री विभिन्न उद्योगों में क्रांति ला रही हैं, क्योंकि ये असाधारण लचीलापन, आघात प्रतिरोध और ऊर्जा अवशोषण क्षमता प्रदान करती हैं। ये उन्नत सामग्री विशेष पॉलिमर और रासायनिक परस्पर क्रियाओं के माध्यम से डिजाइन की गई हैं, जिससे ये गतिशील दबाव में ऊर्जा को प्रभावी ढंग से अवशोषित और नष्ट कर सकती हैं। प्रकृति से प्रेरणा लेते हुए, जहां समय के साथ लचीले तंत्र विकसित हुए हैं, पॉलिमरिक इलास्टोमर्स को इस तरह से विकसित किया गया है कि वे मजबूती, लचीलापन और क्षति के बाद स्वयं को ठीक करने की क्षमता बनाए रखें। इन सामग्रियों की अनूठी विशेषताएँ भी है जो स्वचालित मरम्मत और उत्कृष्ट कंपन-शमन प्रदर्शन, रक्षा, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपयोग के लिए की जा सकती है।

### इन सामग्रियों की अनूठी विशेषताएं

डॉ. संजीब बेनर्जी ने बताया कि इन सामग्रियों की अनूठी विशेषताएँ है की ये स्वचालित मरम्मत और उत्कृष्ट कंपन-शमन प्रदर्शन, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपयोग के लिए बेहतर विकल्प हैं। उच्च प्रदर्शन वाले पॉलिमरिक इलास्टोमर्स का विकास उन उत्पादों की टिकाऊपन और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए जरुरी है जो अत्यधिक परिस्थितियों का सामना करते हैं। जिसमें आघात प्रतिरोधक क्षमता, ऊर्जा अवशोषण और उसे नष्ट करने की क्षमता के साथ, झटके-रोधी पैकेजिंग, सुरक्षात्मक कोटिंग्स और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए नए अवसर उत्पन्न करती है। इसके अलावा, इन इलास्टोमर्स की परिवेशीय परिस्थितियों में स्वतः मरम्मत की क्षमता उन्हें लंबे समय तक कार्यशील बनाती है और इसके रखरखाव में कम लागत लगती है, जिससे वे पुरानी पारंपरिक सामग्रियों का पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बन जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जैसे-जैसे उद्योग अधिक टिकाऊ और कुशल संसाधनों की मांग कर रहे हैं, ट्यून करने योग्य गुणों वाली पॉलिमरिक इलास्टोमर्स की आवश्यकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो रही है। इस क्षेत्र में भविष्य के नवाचारों के मापदंड, लागत-दक्षता और प्रदर्शन के लिए सामग्रियों को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ये इलास्टोमर्स बहुमुखी, उच्च प्रदर्शन समाधान प्रदान करने की क्षमता रखते है।जो न केवल उत्पाद की लंबे समय तक सुरक्षित रखते हैं बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम करते हैं, जिससे वे अगली पीढ़ी की इंजीनियरिंग और विनिर्माण प्रौद्योगिकियों के लिए आधार शिला बन जाते हैं।

ज्योतिष

## इस मूलांक के लोगों की होती है लेट शादी, पार्टनर से बना रहता है विवाद !



मूलांक 4 उन लोगों का होता है जिनका जन्म किसी भी महीने की 4, 13, 22 या 31 तारीख को हुआ हो। ऐसे लोग राहु ग्रह से प्रभावित होते हैं। राहु एक छाया ग्रह है और इसका स्वभाव रहस्यमय, तेज बुद्धि वाला और कई बार विपरीत दिशा में चलने वाला होता है। ज्योतिषाचार्य अंशुल त्रिपाठी से जानते हैं मूलांक 4 के लोगों के बारे में इनका स्वभाव, शिक्षा और करियर कैसा होता है। इन्हें जीवन में क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

**राहु की छाया में जन्मा व्यक्तित्व :** हिंदू धर्म में समुद्र मंथन की कथा बहुत महत्वपूर्ण है। इसी घटना में स्वारभानु नामक राक्षस ने छलपूर्वक अमृत पिया था। जैसे ही भगवान विष्णु ने यह देखा, उन्होंने अपने सुदर्शन चक्र से उसका सिर काट दिया। उसका सिर राहु बना और धड़ केतु. लेकिन वह अमृत पान कर चुका था वह अमर हो गया. इसलिए राहु एक ऐसा ग्रह है जो छिपी हुई बातों को जानने, रहस्य सुलझाने और असंभव को संभव करने में सक्षम होता है।

**स्वभाव और दृष्टिकोण में अलग अंदाज़ :** मूलांक 4 वाले लोगों का दृष्टिकोण आम लोगों से भिन्न होता है। ये लोग न केवल गूढ़ विषयों में गहरी रुचि रखते हैं, बल्कि जिस बात को सब नहीं समझ पाते, उसे ये बड़ी आसानी से पकड़ लेते हैं। राहु का असर इन्हें एक रहस्यमयी व्यक्तित्व देता है- जो सामने भले ही शांत रहे, लेकिन अंदर ही अंदर हर स्थिति को गहराई से समझ रहा होता है।

**शिक्षा और करियर में राहु की चाल :** पढ़ाई-लिखाई के दौरान इन्हें बार-बार विषय या स्थान बदलना पड़ सकता है। हालांकि तकनीकी, मीडिया, कैमरा, साइकोलॉजी, कैमिकल, फार्मा, और रिसर्च जैसे क्षेत्र इनके लिए बेहद अनुकूल माने जाते हैं। इनका विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और अद्वितीय सोच इन्हें सफल बना सकती है, बशर्ते ये अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं।

**रिश्ते और विवाह में उतार-चढ़ाव :** राहु का प्रभाव जीवन में एक बड़ा झटका या दूरी जरूर देता है। राहु का स्वभाव 'कटा हुआ' होता है, इसलिए चार नंबर वाले लोग अक्सर अपने मूल स्थान से दूर जाते हैं- विदेश यात्रा या कार्यस्थल में परिवर्तन आम होता है। प्रेम जीवन में अचानक ब्रेक, शादी में विलंब या टूटना, पार्टनर से अलगाव जैसे घटनाएं देखने को मिलती हैं। लेकिन ,एक बार स्थायित्व आ जाए तो ये अपने परिवार के लिए समर्पित होते हैं।

**इनके स्वास्थ्य पर राहु का क्या असर होता है :** इनके स्वास्थ्य में गुप्त रोग, त्वचा संबंधी समस्या, नींद की कमी, मानसिक बेचैनी और लिवर संबंधी दिक्कतें आम होती हैं। साथ ही राहु की वजह से नशे की ओर आकर्षण भी अधिक होता है, इसलिए इन्हें इससे सख्ती से बचना चाहिए।

## सूर्य-चंद्र के दुर्लभ व्यतिपात योग से प्रभावित होंगी ये राशियां कॅरियर पर पड़ेगा सीधा असर



वैदिक ज्योतिष में सूर्य और चंद्रमा जब एक विशेष दूरी या स्थितियों में आमने-सामने आते हैं, तो व्यतिपात योग बनता है। यह योग शुभ नहीं माना जाता। 5 मई सोमवार को सुबह 10:12 बजे से सूर्य और चंद्रमा के बीच व्यतिपात योग का आरंभ होगा, जिसका प्रभाव कुछ राशियों पर खास तौर पर देखने को मिल सकता है। मान्यता है कि जब यह योग बनता है, तब जीवन में अनचाही घटनाएं, जैसे दुर्घटनाएं, मानसिक तनाव, कार्यों में विघ्न और अचानक आने वाली आर्थिक चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं। यह योग व्यक्ति की निर्णय क्षमता को भी प्रभावित करता है, जिससे वह जल्दबाज़ी में गलत फैसले ले सकता है।

**मीन राशि में बनेगा दुर्लभ त्रिग्रही योग :** इस बार का व्यतिपात योग तीन राशियों के लिए खास तौर पर चुनौतीपूर्ण रह सकता है। इन जातकों को चाहिए कि वे इन दिनों में धैर्य और विवेक बनाए रखें, किसी भी नए काम की शुरुआत सोच-समझकर करें, और खासकर सावधानीपूर्वक यात्रा, आर्थिक लेन-देन और रिश्तों से जुड़ी बातों में सतर्क रहें। आइए जानते हैं, वो तीन राशियाँ कौन-सी हैं जिन्हें इस सूर्य-चंद्र व्यतिपात योग के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**वृषभ राशि :** 5 मई से बन रहा सूर्य-चंद्र व्यतिपात योग वृषभ राशि के जातकों के लिए मानसिक अस्थिरता और कार्यक्षेत्र में असमंजस की स्थिति ला सकता है। विशेषकर वे लोग जो नौकरी में हैं, उन्हें अपने अधिकारियों के साथ संबंधों में खटास का सामना करना पड़ सकता है। टीमवर्क में बाधाएं आ सकती हैं, जिससे महत्वपूर्ण कार्यों में देरी संभव है। जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें पुराने सौदों से नुकसान उठाना पड़ सकता है या पहले से किए गए निवेश से अपेक्षित मुनाफा नहीं मिलेगा। इस समय नया निवेश करने से बचें और किसी भी आर्थिक योजना पर निर्णय लेने से पहले अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें। आर्थिक अस्थिरता आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है, इसलिए मानसिक संतुलन बनाए रखना ज़रूरी होगा।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों को इस व्यतिपात योग के कारण खास सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इसका सीधा असर इनके पारिवारिक और भावनात्मक जीवन पर पड़ सकता है। घर-परिवार में किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है, जो आपके मन को बेचैन बना सकती है। दफ्तर में मेहनत के बाद भी मान-सम्मान या परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं मिलेंगे, जिससे मन में निराशा घर कर सकती है।

### अगर चाहते हैं यंग नजर आएं तो रोज खाइए ये सब्जी

# दुनिया की सबसे ताकतवर सब्जी रोज खाइए इसे खाएंगे तो पांच साल बढ़ जाएगी उम्र

शरीर को सेहतमंद और फिट बनाने में फलों के साथ साथ सब्जियों का भी अहम रोल है। हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा सलाह देते हैं कि डाइट में सब्जियों का पोर्शन जरूर होना चाहिए. खासकर हरी सब्जियां सेहत को कई तरह के फायदे करती हैं। देखा जाए तो ढेर सारी हरी सब्जियां ऐसी हैं जो शरीर को ढेर सारा पोषण देने के साथ साथ उसे कई तरह की बीमारियों से भी दूर रखती हैं। ऐसी ही एक सब्जी है जिसे दुनिया में सबसे ज्यादा ताकतवर सब्जी कहा जाता है। ये शरीर को कई तरह के फायदे करती है और कैंसर और दिल की बीमारियों का रिस्क भी हम हो जाता है। जी हां. बात हो रही है सहजन की सब्जी की। सहजन की फलियां इतनी फायदेमंद हैं कि इनके सेवन से आपकी उम्र पांच साल बढ़ सकती है। सहजन की फली है पोषण का पावरहाउस सहजन की फलियों को मोरिंगा और मुन्गा की फलियां भी कहते हैं। अंग्रेजी में इसे ड्रमस्टिक कहा जाता है। ये फलियां सेहत के लिए बहुत ताकतवर कही जाती हैं। इसकी फलियों से सब्जी और सूप बनाया जाता है।सहजन की फलियों के साथ साथ इसके पत्ते, छाल, बीज और फूल भी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं। सहजन की फलियों में ढेर सारा प्रोटीन होता है, जो शरीर को ढेर सारी ताकत देता है। इसके अलावा सहजन की फलियों में कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं।



### वजन घटाने में फायदेमंद

सहजन की फलियां वजन घटाने में काफी मददगार साबित होती हैं।सहजन की फलियों में क्लोरोजेनिक एसिड पाया जाता है जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल घटता है। इससे वजन कम करने में काफी मदद मिलती है। सहजन की फलियों और पत्तों का पाउडर बनाकर इसका रोज सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में आसानी होती है।

### इम्यूनिटी मजबूत करे

सहजन की फलियों में ढेर सारा विटामिन सी पाया जाता है। इसकी मदद से शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और बदलते मौसम में शरीर बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने में कामयाब होता है। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी बीमारियों से लड़ने में सहजन काफी फायदेमंद होती है। इसके साथ साथ इन फलियों में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट भी इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।

### दिल को रखे स्वस्थ

सहजन की फलियों में ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसके साथ साथ इन फलियों की मदद से कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुधारा जा सकता है। इससे दिल को स्वस्थ रखा जा सकता है। सहजन की फलियों में ढेर सारे एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो शरीर की सूजन को कम करते हैं।

### प्रोटीन की खुराक

जिन लोगों के शरीर में प्रोटीन की कमी होती है, उन्हें सहजन की सब्जी फायदा कर सकती है। खासकर वेजिटेरियन लोगों के लिए ये सब्जी प्रोटीन की खुराक साबित हो सकती है। इसमें ढेर सारा प्रोटीन पाया जाता है और ये प्रोटीन की कमी दूर करने में मदद करती है।

### कैंसर का रिस्क होगा कम

सहजन की सब्जी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स को कंट्रोल करते हैं जिससे कैंसर जैसी बीमारी का रिस्क कम किया जा सकता है।

### शुगर में करे फायदा



सहजन की सब्जी में एंटी डायबिटिक गुण होते हैं, इसके सेवन से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कंट्रोल किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीज इस सब्जी को खाकर इसका फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा इसके पत्तों और छाल में भी शुगर को कंट्रोल करने की ताकत होती है।

## रोज रात को सोने से पहले नाभि में लगा लें ये तेल, सुबह उठते ही साफ होने लगेगा पेट

### नाभि में तेल डालने से क्या होता है?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, खराब खानपान और तनाव के कारण पेट से जुड़ी समस्याएं आम हो गई हैं। इनमें भी खासकर लोग पेट साफ न होने से परेशान रहते हैं। ये परेशानी समय के साथ कब्ज का कारण बन जाती है। कब्ज होने पर न केवल व्यक्ति को पेट में दर्द, भारीपन या ऐंठन का एहसास परेशान करता है, बल्कि इससे व्यक्ति खुद को चिड़चिड़ा और बीमार भी महसूस करने लगता है। यानी पेट ठीक ढंग से साफ न होने पर इसका असर पूरी सेहत पर नजर आने लगता है। अब, अगर आप भी अक्सर इस तरह की समस्याओं का सामना करते हैं, तो ये आर्टिकल आपके लिए मददगार हो सकता है। यहां हम आपको एक बेहद आसान, नेचुरल और कारगर उपाय बता रहे हैं, जो पेट से जुड़ी इन दिक्कतों को ठीक करने में असर दिखा सकता है। जानिए कौनसे हैं ये नुस्खे।

### क्या है ये खास उपाय?

फेमस आयुर्वेदिक न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में पोषण विशेषज्ञ बताती हैं, हर रात सोने से पहले नाभि में एक खास तेल लगाने से पेट से जुड़ी समस्याओं को ठीक किया जा सकता है। नाभि पर सही तेल लगाने से ना सिर्फ पाचन तंत्र मजबूत होता है, बल्कि पेट साफ करने में भी मदद मिलती है। इसके अलावा ये तरीका और भी कई तरह से आपकी सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### नाभि में तेल डालने से क्या होता है?

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, नाभि शरीर का केंद्र बिंदु



है, जहां से सैकड़ों नसें शरीर के अलग-अलग अंगों तक जाती हैं। इसलिए नाभि में तेल लगाने का असर पूरे शरीर पर पड़ता है। आयुर्वेद में ये तरीका सदियों से आजमाया जा रहा है। खासकर पेट से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए न्यूट्रिशनिस्ट रोज रात को सोने से पहले नाभि में 2 से 3 बूंद कैस्टर ऑयल डालने की सलाह देती हैं। इसे अरंडी का तेल भी कहा जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अगर आप पेट की दिक्कतों से परेशान हैं और कोई इन्हें ठीक करने के लिए बिना किसी साइड इफेक्ट के कोई उपाय ढूंढ रहे हैं, तो इस आयुर्वेदिक तकनीक को एक बार जरूर आजमाएं. अरंडी के तेल की कुछ बूंदें नाभि पर लगाने से पेट को आराम मिलता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इससे आपको अगली सुबह मल त्यागने में आसानी होती है। इस तरह आपको पेट फूलने और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। अपनी सोशल मीडियो पोस्ट में न्यूट्रिशनिस्ट ने नाभि में कैस्टर ऑयल डालने के और भी कई फायदे बताए हैं। श्वेता शाह बताती हैं- रात को सोने से पहले नाभि में कैस्टर ऑयल लगाने से स्किन हाइड्रेटेड रहती है, जिससे त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाने में मदद मिल सकती है।

## कार में रखी प्लास्टिक की बोतल का पानी भूलकर भी न पिएं

अगर आप कार में सफर करते हैं तो गाड़ी में रखी प्लास्टिक की बोतल से पानी जरूर पीते होंगे। पर अब से ऐसा कतई मत कीजिए, वरना ऐसी बीमारी हो सकती है जिसका नाम



सुनकर ही आपके होश उड़ जाएंगे। जी हां, एक्सपर्ट का कहना है कि अगर गाड़ी में प्लास्टिक की बोतल में पानी रखा हुआ है और उसे पीते ही तो उस पानी में पलास्टिक से कई तरह के जहरीले रसायन घुल जाते हैं, जिससे कई तरह की बीमारियां हो सकता है। यहां तक कि कैंसर तक की बीमारी भी हो सकती है।

### ज्यादा धूप में पानी में घुलता जहर

डॉ. मंजुषा अग्रवाल ने बताया कि अक्सर लोग तेज धूप में प्लास्टिक की पानी की बोतलों को कार के अंदर छोड़ देते हैं। उसके बाद गाड़ी को लॉक कर देते हैं। लेकिन उस दौरान कार के अंदर बहुत ज्यादा हीट हो जाती है जिससे प्लास्टिक की बोतलें बंद वाहनों के भीतर उच्च तापमान के संपर्क में आती हैं। इससे प्लास्टिक की बोतल से बिसफेनॉल-ए और एंटिमनी जैसे जहरीले रसायन पानी में घुल जाते हैं। अगर आप ऐसा लंबे समय तक करते हैं तो ये केमिकल आपके शरीर को जकड़ लेगा और हार्मोन में असंतुलन पैदा करने लगेगा। इससे कई बीमारियां होंगी।

डॉ. रितुजा उगलमुगले ने बताया कि अधिकांश प्लास्टिक की बोतलों में पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट होता है, जो जब गर्मी के संपर्क में आता है तो एंटिमनी और बिसफेनॉल-ए (BPA) जैसे खतरनाक रसायनों को पानी में घुला देता है। यही जब शरीर के अंदर जाता है।



## शौच करने से पहले पानी पीने से क्या होता है? इसके फायदे हैं या नुकसान

पानी हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। प्यास बुझाने से अलग पानी बॉडी के कई जरूरी फंक्शन में अहम योगदान करता है। खासकर अच्छे पाचन के लिए पानी बहुत जरूरी है। ये हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को ठीक रखने में मदद करता है। बहुत से लोग सुबह उठते ही एक गिलास पानी पीते हैं और फिर शौच जाते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि शौच से पहले पानी पीने से आपके शरीर में क्या होता है? क्या यह डाइजेशन के लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक?

### डाइजेस्टिव सिस्टम पर पानी का असर

हमारा डाइजेस्टिव सिस्टम पानी पर निर्भर करता है। ये खाने को तोड़ने, न्यूट्रिएंट्स को अब्जॉर्ब करने और मल को नरम बनाने में मदद करता है। अगर आप शौच से पहले पानी पीते हैं, तो ये कई तरीकों से फायदेमंद हो सकता है।

1. मल को नरम बनाता है और कब्ज से राहत देता है: अगर शरीर में पानी की कमी हो, तो आंतें मल से ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे मल सख्त हो जाता है और शौच करने में परेशानी होती है। सुबह पानी पीने से आंतें हाइड्रेट रहती हैं, जिससे मल नरम होता है और आसानी से बाहर निकलता है।

2. आंतों को एक्टिव करता है: गर्म पानी पीने से आंतों में हलचल तेज होती है। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को इंडिकेट करता है कि उसे काम शुरू करना है। ये खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो कब्ज या इरेगुलर शौच की समस्या से जूझ रहे हैं।

3. शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालता है: रात भर शरीर में टॉक्सिन जमा हो जाते हैं, जिन्हें बाहर निकालने के लिए पानी बहुत जरूरी है। सुबह उठकर पानी पीने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, जिससे आप हल्का और तरोताजा महसूस करते हैं।

4. मेटाबॉलिज्म को तेज करता है: पानी पीने से शरीर की मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ जाती है। ये डाइजेशन में सुधार करता है और वजन घटाने में भी मदद कर सकता है।

5. अपच और एसिडिटी से बचाता है: अगर आपको अक्सर पेट फूलने या एसिडिटी की समस्या रहती है, तो शौच से पहले पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। ये पेट में एसिड को कंट्रोल में रखता है और डाइजेशन को बेहतर बनाता है।

### शौच से पहले पानी पीने का सही तरीका

अगर आप इस आदत का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, तो इन बातों का ध्यान रखें।

गुनगुना पानी पिएं: गुनगुना या हल्का गर्म पानी आंतों को ज्यादा अच्छी तरह एक्टिव करता है और डाइजेशन में मदद करता है।

नींबू या शहद मिलाएं: एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू या शहद मिलाने से डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

बहुत ज्यादा पानी न पिएं: जरूरत से ज्यादा पानी पीने से पेट भारी लग सकता है। एक या दो गिलास पानी पर्याप्त होता है।

रेगुलर पानी पिएं: अगर इसे रोजाना की आदत बना ली जाए तो ये आपकी डाइजेशन के काम को रेगुलर कर सकता है।

### क्या कोई नुकसान भी है?

हालांकि, शौच से पहले पानी पीना ज्यादातर लोगों के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ लोगों को इससे हल्की परेशानी हो सकती है।

बार-बार पेशाब जाने की जरूरत: पानी पीने से शरीर की सफाई तेज होती है, जिससे आपको जल्दी-जल्दी पेशाब आ सकता है।

पेट फूलना: अगर आप बहुत जल्दी या बहुत ज्यादा पानी पी लेते हैं, तो पेट फूल सकता है। खासतौर पर जिन लोगों को इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्याएं हैं, उन्हें धीरे-धीरे पानी पीना चाहिए। सिर्फ पानी से कब्ज ठीक नहीं होगा: अगर आपको लंबे समय से कब्ज की समस्या है, तो सिर्फ पानी पीना काफी नहीं होगा।

कार्नर न्यूज

### पोषक तत्वों से भरपूर होती है, साथ ही हेल्दी डाइट के लिए भी बेहद ज़रूरी मानी जाती है

# पालक को रोजाना की डाइट में शामिल करने के लिए बेस्ट हैं ये 5 रेसिपीज़

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार सब्जी है, जो भारतीय रसोई में सदियों से इस्तेमाल की जाती है। भारत ही नहीं, दुनियाभर में इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह न केवल पोषक तत्वों से भरपूर होती है, बल्कि हेल्दी डाइट के लिए भी बेहद जरूरी मानी जाती है। हालांकि, इसके स्वाद और टेक्सचर को लेकर बहुत से लोगों की पसंद-नापसंद होती है। अगर आप भी पालक का स्वाद पसंद नहीं करते, लेकिन इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं, तो यहां हम बता रहे हैं कि पालक को रोज के खाने में आसानी से किस तरह शामिल किया जा सकता है, वो भी स्वादिष्ट और हेल्दी तरीके से।



### पालक पराठा

पालक पराठा एक टेस्टी और हेल्दी ब्रेकफास्ट या लंच ऑप्शन हो सकता है। इसे बनाने के लिए ताज़ी पालक को जीरा, धनिया पाउडर और गरम मसाले के साथ ब्लेंड कर एक पेस्ट बना लें. फिर इस पेस्ट को गेहूं के आटे में मिलाकर मुलायम आटा गूंद लें। अब इसकी लोई बनाकर बेलें और तवे पर घी या तेल के साथ सेंक लें। इसे दही, अचार या सब्ज़ी के साथ सर्व करें।

### पालक पनीर

अगर आप लंच या डिनर में कुछ हैवी और हेल्दी खाना चाहते हैं, तो पालक पनीर ट्राई कर सकते हैं। इसके लिए प्याज़, लहसुन, अदरक और मसालों को भूनकर उसमें बारीक कटी पालक डालें और इन सब को पकाएं. फिर इसमें पनीर के टुकड़े मिलाएं। आप ग्रेवी के लिए पालक को ब्लेंड भी कर सकते हैं। इस करी को रोटी, पराठा या चावल के साथ सर्व करें।

### पालक दाल

दाल को पहले से पका लें. एक कड़ाही में प्याज़, लहसुन, टमाटर और मसाले भूनें। फिर इसमें पालक डालकर थोड़ी देर पकाएं और इसे दाल में मिलाएं। नमक और नींबू रस डालकर कुछ देर उबालें। इसे चावल या रोटी के साथ सर्व करें। यह बच्चों और बड़ों दोनों के लिए परफेक्ट है।



### पालक पकोड़े

पालक में बेसन, अजवाइन, मिर्च पाउडर, हल्दी और नमक मिलाएं. थोड़ा पानी डालकर गाढ़ा घोल बनाएं और इसे गरम तेल में डीप फ्राई करें। इसे इमली या पुदीना चटनी के साथ खाएं. यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पालक का स्वाद पसंद न करने वालों के लिए भी एक अच्छा तरीका है।

### क्यों जरूरी है पालक?

पालक विटामिन ए, के, आयरन, फोलेट और मैग्नीशियम जैसे न्यूट्रिएंट्स का पावरहाउस है। यह इम्यूनिटी बढ़ाने, आंखों की रोशनी बेहतर करने और पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करता है। साथ ही इसमें कैलोरी भी बेहद कम होती है, जिससे यह वज़न घटाने वालों के लिए भी फायदेमंद होता है। इस तरह अगर आप अपने रोज के भोजन में थोड़ा सा बदलाव कर अपने हेल्थ को बेहतर बनाना चाहते हैं, तो पालक को इन आसान और स्वादिष्ट रेसिपी को ट्राई करें।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ '60 मिनट्स'

अमेरिकी टीवी शो '60 मिनट्स' का एक साक्षात्कार इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस साक्षात्कार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा भड़काया दिया था। अब इसी शो को प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड के लिए भी नामांकित किया गया है। यह साक्षात्कार कमला हैरिस का था, जिसके खिलाफ ट्रंप ने सीबीएस नेटवर्क पर 20 अरब डॉलर का मुकदमा ठोका है। पिछले साल '60 मिनट्स' पर कमला हैरिस का साक्षात्कार प्रसारित हुआ था। ट्रंप का दावा है कि इस साक्षात्कार को गलत तरीके से संपादित किया गया ताकि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को बेहतर दिखाया जा सके। इस साक्षात्कार को अब 'आउटस्टैंडिंग एडिटेड इंटरव्यू' श्रेणी में एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह जून के अंत में होगा, जहां '60 मिनट्स' का मुकाबला सेलीन डायोन, सुप्रीम कोर्ट जज केतनजी ब्राउन जैक्सन, पोप फ्रांसिस और बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर के साक्षात्कारों से होगा। इस साक्षात्कार ने सीबीएस न्यूज को मुश्किल में डाल दिया है। सीबीएस का कहना है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया, लेकिन उनकी मूल कंपनी पैरामाउंट ग्लोबल कथित तौर पर ट्रंप के साथ समझौते की बातचीत कर रही है। कई सीबीएस पत्रकार इस समझौते के खिलाफ हैं। इस विवाद के बीच '60 मिनट्स' के पूर्व कार्यकारी निर्माता बिल ओवेन्स ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा कि इस साक्षात्कार के बाद उन पर कॉरपोरेट पाबंदियां लगाई गईं। यह मामला अब ट्रंप प्रशासन के एफसीसी चेयरमैन की जांच के दायरे में भी है। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस साक्षात्कार को लेकर फिर से नाराजगी जताई। इस बार उनका गुस्सा न्यूयॉर्क टाइम्स पर भी निकला। दरअसल, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक लेख में कहा था कि कानूनी विशेषज्ञ ट्रंप के मुकदमे को बेबुनियाद मानते हैं और यह सीबीएस के लिए आसान जीत होगी। ट्रंप ने इसे 'ट्रंप डिरेंजमेंट सिंड्रोम' करार दिया और अखबार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। जवाब में न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा, 'हम प्रशासन की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।'



## टॉलीवुड

# दो सुपरस्टार को एक साथ फिल्म में देखना चाहते हैं विजय

अभिनेता विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंगडम' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की चर्चा के बीच विजय वेव्स समिट 2025 में नजर आए। इस दौरान विजय ने बॉलीवुड और टॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स को एक साथ फिल्म में देखने की बात कही, जिसके पीछे की वजह है उनका धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कल्केशन। मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के दूसरे दिन विजय देवरकोंडा भी शामिल हुए। इस दौरान विजय ने कहा वह चाहते हैं कि शाहरुख खान और अल्लू अर्जुन भविष्य में किसी फिल्म में एक साथ काम करें। उन्होंने बताया कि शाहरुख की फिल्म ने करीब 800-1000 करोड़ रुपये और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए। विजय ने यह भी कहा कि अगर दक्षिण और उत्तर भारत के ये बड़े सितारे साथ आएं, तो देश को एकजुट करने में मदद मिलेगी। उनका मानना है कि भारतीय सिनेमा को और आगे ले जाने के लिए ऐसे सहयोग बहुत जरूरी हैं। इससे न सिर्फ ध्यान आकर्षित होगा, बल्कि विकास भी होगा।



## भोजपुरी

# 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है' का ट्रेलर खूब धमाल मचा रहा

भोजपुरी सिनेमा की नई फिल्म 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है' का ट्रेलर खूब धमाल मचा रहा हैं। फीलमची भोजपुरी चैनल ने पांच साल पूरे होने पर पांच साल महा धमाल सेलिब्रेशन के तहत तीसरी ओरिजिनल फिल्म 'क्यूंकि...हर एक सास जरूरी होती है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 26 अप्रैल को फीलमची भोजपुरी पर होगा. इस फिल्म की खासियत इसकी हास्य से भरपूर, दिल को छू लेने वाली और अनोखी कहानी है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों को मजेदार और भावनात्मक ढंग से दर्शाया गया हैं। इससे पहले फीलमची की दो ओरिजिनल हिट फिल्मों, सास कमाल, बहू धमाल और बड़की भाभी ने भोजपुरी दर्शकों के बीच ज़बरदस्त लोकप्रियता हासिल की हैं। 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है की कहानी मौसम नाम की पढ़ी-लिखी और समझदार बहू के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी सास धनेश्वरी चालाक और असुरक्षित प्रवृत्ति की हैं। मौसम अक्सर अपनी दादी सास की तस्वीर से मन की बातें करती है, लेकिन एक दिन दादी सास की आत्मा प्रकट होकर मौसम के शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। उनका सास धर्म अधूरा रह गया था, जिसे अब वे पूरा करना चाहती हैं—अपनी बहू के जरिए. इस तरह फिल्म में जमकर कॉमेडी के साथ मैसेज भी हैं। फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं अपर्णा मलिक और लाडो मधेसिया, जिनके अभिनय ने किरदारों को जीवंत बना दिया हैं।




लाइफ स्टाइल



घुंघरू ड्रेस पहनकर धूम मचाई

सोनम कपूर जब से इंडस्ट्री में आई हैं, उन्हें 'फैशन डीवा'की तरह ही देखा जाता है और एक्ट्रेस ने भी अपने इस अवतार को बखूबी निभाया हैं। सोनम ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट में एक बार फिर अपने फैशन का ए गेम दिखाया हैं। 39 साल की सोनम के नए यंग इंडिया मैगजीन कवर शूट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी हैं। इस लेटेस्ट फोटोशूट में अलग-अलग अवतारों में नजर आने वाली सोनम एक लुक में बैकलेस और डीप नेकलाइन वाली ड्रेस में नजर आ रही हैं।

# गर्मियों में सिलवा लें कॉटन की ये 7 शॉर्ट कुर्तियां जींस के साथ पहनकर मिलेगा स्टाइलिश लुक

गर्मियों में पहनने के लिए कॉटन की शॉर्ट कुर्तियां बेस्ट रहती हैं। ऑफिस और कॉलेज गोइंग गर्ल्स भी ज्यादातर समर्स में इन्हें ही वियर करती हैं। शॉर्ट कुर्तियों को आप जींस या प्लाजो पैंट्स के साथ पेयर कर सकती हैं। इनका कंफी अंदाज समर्स के लिए परफेक्ट रहता है। आप भी अपने वॉर्डरोब में कॉटन की कुर्तियां शामिल करने का प्लान बना रही हैं, तो यह देखें कुछ ट्रेंडी डिजाइन। अपने टेलर से आप इन्हें स्टिच करा सकती हैं और अपने समर्स लुक में चार चांद लगा सकती हैं।



### ढीली स्लीव्स वाली कॉटन कुर्ती

आजकल ढीली स्लीव्स का एक ट्रेंड सा बन गया है। ये देखने में काफी ज्यादा स्टाइलिश लगती हैं और कंफर्टेबल भी होती हैं। ऐसे में आप भी इस समर सीजन अपने वॉर्डरोब में ये स्टाइलिश अंदाज वाली शॉर्ट कुर्ती एड कर सकती हैं।

### स्लीवलेस कॉटन कुर्ती

गर्मियों के लिए ज्यादातर गर्ल्स स्लीवलेस कपड़े पहनना प्रिफर करती हैं। ये गर्मियों की मार से भी बचा लेते हैं और देखने में भी स्टाइलिश लगते हैं। ऐसे में आप भी इस तरह की एक स्लीवलेस कॉटन कुर्ती अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कॉटन कुर्ती सेट

अगर आपको अपने लुक के साथ ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना है तो ये सिंपल बेसिक पैटर्न वाली कॉटन कुर्ती स्टिच करा सकती हैं। इस तरह के फ्लोरल प्रिंट्स समर्स के लिए परफेक्ट रहते हैं। आप मैचिंग दुपट्टा और बॉटम के साथ लुक को कंप्लीट कर सकती है।

# बालों से आती पसीने की बदबू कर रही है शर्मिंदा तो ये तरीके देंगे खूबसूरत और महकते बाल



गर्मी में पसीना एक आम समस्या होता है जो न सिर्फ शर्मिंदगी का कारण बनता है बल्कि नुकसान भी पहुंचाता है। खासकर जब यह बालों को भिगा देता है इससे बदबू आने लगती है तो दूसरों के सामने हमारा कॉन्फिडेंस कम कर देता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपायों की मदद से इस बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। गर्मी के मौसम कई तरह की समस्याएं लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी रहती हैं। पसीना इन्हीं में से एक है, जो इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशान करता है। धूप में थोड़ी देर रहने पर ही पूरा शरीर पसीने से तर-बतर हो जाता है। इससे न सिर्फ कपड़े और लुक खराब होता है, बल्कि बालों भी भीग जाते हैं।

इतना ही नहीं मुश्किल तब होती है, जब इस पसीने की वजह से बालों से बदबू आने लगती है। यह न सिर्फ अपने आप में खराब लगता है, बल्कि दूसरों के सामने हमें शर्मिंदा भी करता है। साथ ही यह बालों से जुड़ी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में, जो बालों से आने वाली इस पसीने की बदबू को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

**गुलाब जलः** गुलाब जल अपनी खुशबू के साथ-साथ अपने गुणों के लिए भी जाना जाता है। स्किन के लिए तो यह शानदार है ही, बालों की बदबू दूर करने में भी असरदार है। साथ ही यह पसीने की वजह से होने वाली चिपचिप को भी दूर करता है। इसके लिए आपको बस एक कप पानी में दो चम्मच गुलाब जल मिलाना होगा। इसके बाद बालों को शैंपू करने के बाद इस पानी से बाल धो लें। इससे बालों की बदबू भी दूर होगी और ऑयली बालों से भी छुटकारा मिलेगा।

**एलोवेराः** गुणों का भंडार एलोवेरा भी बालों से आने वाली दुर्गंध को दूर करने में मदद करता है। अगर आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें अक्सर गर्मियों में बालों ज्यादा पसीना आता है, तो ताजा एलोवेरा जेल लगा लें। बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह इसे लगाने के बाद 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से हेयरवॉश कर लें। बालों की बदबू दूर करने के लिए हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल सॉफ्ट और शाइनी भी बनेंगे।

**नींबूः** विटामिन-सी से भरपूर नींबू सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, यह आपके बालों के लिए भी काफी लाभकारी है। बालों की बदबू दूर करने के लिए आप नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं। अब शैंपू से बाल धोने के बाद इस पानी से बालों को धो लें। हफ्ते में 2 से 3 बार ऐसा करने से पसीने की बदबू दूर होगी और बाल चमकदार भी बनेंगे।

# स्टाइलिश दिखने के लिए इन युवा अभिनेताओं के लुक्स से लें टिप्स, ताकि दिखें सबसे क्लासी

लड़कियां तो खूबसूरत दिखने के लिए ट्रेंड फॉलो कर लेती हैं, लेकिन ज्यादातर लड़कों को ये समझ नहीं आता कि स्टाइलिश दिखने के लिए उन्हें क्या करना है? इसके लिए वो कुछ भी कैरी कर लेते हैं। लड़कों की इसी परेशानी को देखते हुए इस लेख में हम आपको चार ऐसे यंग एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके लुक्स युवाओं के लिए तो सबसे परफेक्ट हैं। इन अभिनेताओं ने कुछ-कुछ दिन पहले ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इनके लुक्स ज्यादातर जेन जी लड़कों को पसंद आते हैं। तो यदि आपके घर में भी कोई जेन जी टीनेज है, तो उनके लिए इन एक्टर्स से टिप्स लेकर खरीदारी करें।

### वेदांग रैना

कुछ दिन पहले ही फिल्मों में डेब्यू करके धमाल मचाने वाले वेदांग रैना का अंदाज जेन जी किड्स के लिए परफेक्ट है। वो अक्सर बैगी कपड़ों में नजर आते हैं, जोकि आज-कल युवाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। ओवर साइज कपड़े आज के समय में काफी ट्रेंड में है। बैगी कपड़ों के साथ-साथ वेदांग एथनिक



आउटफिट में भी कमाल के लगते हैं। उनका अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है।

### बाबिल खान

अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में बेहद कम समय में अलग पहचान बनाने वाले बाबिल का अंदाज बाकियों से काफी अलग रहता है। वो फॉर्मल लुक को काफी अलग अंदाज में कैरी करते हैं। यदि आपको कुछ अलग हट कर पहनने का शौक है तो बाबिल के लुक्स से टिप्स लें। उनके पास प्रिंटेड आउटफिट्स का शानदार कलेक्शन रहता है।

# 14 दिनों तक चेहरे पर लगा लें ये तेल, जवां दिखने लगेंगे आप

यंग और खूबसूरत दिखना हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए लोग खूब जतन करते हैं। खासकर महिलाएं चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हर हफ्ते पार्लर जाकर महंगे-महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट लेती हैं। हालांकि, आप चाहें तो कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर भी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रख सकते हैं, साथ ही चेहरे पर नजर आने वाले एजिंग के लक्षणों को कम कर सकते हैं। यहां हम आपको एंटी-एजिंग का एक ऐसा ही तरीका बता रहे हैं।

### क्या है ये खास तरीका?

इसे लेकर मशहूर अमेरिकी डॉ. एरिक बर्ग ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में डॉक्टर बताते हैं, अगर आप नेचुरल तरीके से एंटी-एजिंग इफेक्ट चाहते हैं तो इसके लिए चेहरे पर कैस्टर ऑयल (Castor Oil) लगा सकते हैं। कैस्टर ऑयल को अरंडी का तेल कहा जाता है।

### कैसे पहुंचाता है फायदा?



डॉ. बर्ग के मुताबिक, कैस्टर ऑयल को आंखों के आसपास लगाने से त्वचा को हाइड्रेशन मिलता है और इससे डार्क सर्कल्स कम हो सकते हैं।

इस तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया का सफाया कर स्किन पर एक्ने और पिंपल की परेशानी को ठीक करने में मदद करते हैं। कैस्टर ऑयल में रेटिनोइक एसिड होता है, जो कोलेजन और इलास्टिन बढ़ाता है। इससे त्वचा टाइट और जवान दिखती है।

कार्नर न्यूज

ऑफिस में भी बार-बार पलट कर देखेंगे सहकर्मी

# मेल हो या फीमेल, गर्मी में ये पांच कलर कॉम्बिनेशन आपको बनाएंगे कूल

गर्मी का सीजन आते ही बस एक ही बात दिमाग में आती है- खुद को कैसे कूल रखा जाए. जब बात स्टाइल की हो, तो गर्मी में भी हर कोई चाहता है कि ड्रेसिंग सेंस न सिर्फ कंफर्टेबल हो, बल्कि सबको इंप्रेस भी करे। गर्मी में खुद को कूल और फ्रेश दिखाना कोई मुश्किल काम नहीं है। सही कलर कॉम्बिनेशन से आप न सिर्फ आरामदायक महसूस करेंगे, बल्कि ऑफिस में भी हर कोई आपको बार-बार पलटकर देखेगा. तो चलिए, जानते हैं 5 ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन्स के बारे में, जो इस गर्मी में आपको देंगे कूल और स्टाइलिश लुक और आपके कलीग्स को देंगे फैशनेबल इंस्पिरेशन...



### व्हाइट और ब्लू

गर्मियों का सबसे अच्छा और फ्रेश लुक पाना है तो व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन अपनाएं. व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस या ब्लू शर्ट और व्हाइट पैंट, दोनों ही लुक्स ऑफिस के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। यह कॉम्बिनेशन न सिर्फ गर्मी में आरामदायक है, बल्कि यह आपको कूल और फ्रेश भी बनाए रखता है। व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन क्लासी और प्रोफेशनल तो लगता ही है, आपकी पर्सनालिटी को भी खूबसूरती से निखारता है।

### पेस्टल येलो और ग्रीन

गर्मी में हर किसी को थोड़ा सा खुशमिजाज और फ्रेश लुक चाहिए होता है। पेस्टल येलो और ग्रीन का कलर कॉम्बिनेशन आपको एक नई एनर्जी और ताजगी का अहसास दिलाता है। पेस्टल येलो शर्ट के साथ ग्रीन पैंट या फिर ग्रीन टॉप के साथ पेस्टल येलो स्कर्ट या ट्राउजर, ये दोनों ही कॉम्बिनेशन शानदार होते हैं। यह न केवल आंखों को सुकून देते हैं, बल्कि ऑफिस में भी एक पॉजिटिव वाइब क्रिएट करते हैं।

### लाइट पिंक और व्हाइट

अगर आप ऑफिस में कुछ सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहते हैं, तो लाइट पिंक और व्हाइट एक बेहतरीन चॉइस हो सकती है। लाइट पिंक शर्ट या टॉप के साथ व्हाइट पैंट या स्कर्ट, यह कॉम्बिनेशन एक बहुत ही खूबसूरत और ग्रेसफुल लुक देता है। यह रंग आपको न सिर्फ कूल और रिफ्रेशिंग बनाते हैं, बल्कि ऑफिस में एक अट्रैक्टिव इमेज भी छोड़ते हैं।

### नेवी ब्लू और ग्रे

नेवी ब्लू और ग्रे का कॉम्बिनेशन प्रोफेशनल और स्टाइलिश दोनों होता है। नेवी ब्लू टॉप के साथ ग्रे ट्राउजर या ग्रे ब्लेजर के साथ नवी ब्लू शर्ट, यह एक आइडियल कॉम्बिनेशन है। इस कलर कॉम्बिनेशन में आपको एक कूल और कंफर्टेबल लुक मिलता है।